पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर




थान खम्हरिया नगर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया


◆ वर्ष - 23 ◆ अंक - 04 ◆ रायपुर 20 अगस्त 2026 ◆ पृष्ठ - 08 ◆ मूल्य-5/- रुपया


सार समाचार

## 17 को अर्जुन अवार्ड, 12 साल में पहली बार 'खेल रत्न' नहीं



**नई दिल्ली ।** खेल मंत्रालय ने खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कार की घोषणा कर दी है। हैरानी की बात ये है कि मंत्रालय ने इस बार किसी भी प्लेयर को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार नहीं देने का फैसला किया है। ये 2014 के बाद पहला साल होगा, जब किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न अवॉर्ड नहीं मिलेगा। कुल 17 खिलाड़ियों को इस बार अर्जुन पुरस्कार देने का फैसला किया है। चयन समिति ने कुल 24 नाम सुझाए थे लेकिन मंत्रालय ने 17 नामों पर ही मुहर लगाई। हालांकि, इन 17 नामों में कोई भी क्रिकेटर शामिल नहीं है। आखिरी बार किसी क्रिकेटर को 2023 में अर्जुन अवॉर्ड मिला था। मोहम्मद शमी को 2023 में ये अवॉर्ड मिला था और उसके बाद अब तक किसी भी क्रिकेटर का चयन अर्जुन अवॉर्ड के लिए नहीं हुआ है। चयन समिति ने हॉकी स्टार हार्दिक सिंह का नाम खेल रत्न के लिए सोचा था, लेकिन अंत में उनका नाम सूची में नहीं आया। इससे पहले 2014 में भी किसी को खेल रत्न नहीं मिला था। पिछले साल चार खिलाड़ियों को यह सम्मान मिला था, जिसमें शतरंज के डी. गुकेश, हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार और शूटर मनु भाकर का शामिल था। खेल रत्न पुरस्कार में 25 लाख रुपये नकद मिलते हैं।

# सीएम ने रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट का किया शुभारंभ

**छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को नई मजबूती**




**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल परिसर में अत्याधुनिक रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने नई कैंसर इकाई में उपलब्ध उपचार सुविधाओं एवं अत्याधुनिक मशीनरी का अवलोकन किया तथा अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री साय ने डॉ. संदीप दवे के भाई श्री प्रदीप दवे को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल पिछले 36 वर्षों से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. संदीप दवे के भाई स्वर्गीय श्री प्रदीप दवे का कैंसर से निधन हुआ था। इस व्यक्तिगत पीड़ा ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ व्यापक स्तर पर काम करने का संकल्प मजबूत किया। आज उसी संकल्प का परिणाम रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान आने वाले समय में हजारों-लाखों लोगों को बेहतर कैंसर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ा है। कैंसर मरीजों को अब एक ही परिसर में जांच, उपचार और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने डॉ. संदीप दवे और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र की ऐसी पहल से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में स्वास्थ्य संस्थानों के विस्तार को गति मिली।

### कैंसर की रोकथाम में स्क्रीनिंग और शुरुआती जांच जरूरी -डॉ. रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट के शुभारंभ को छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के पीछे सेवा और संवेदना की भावना जुड़ी हुई है। डॉ. दवे के भाई की कैंसर से मृत्यु ने उन्हें गहरा आघात दिया और संभवतः इसी पीड़ा ने कैंसर के उपचार के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने की प्रेरणा दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कैंसर केवल मरीज की नहीं, बल्कि पूरे परिवार की सामूहिक पीड़ा होती है। उन्होंने कैंसर की समय पर पहचान के लिए नियमित स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरण में कैंसर की पहचान होने पर उपचार की संभावनाएं काफी बेहतर हो जाती हैं।

### 15 मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ा दायरा -स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि रामकृष्ण केयर कैंसर इंस्टीट्यूट के शुभारंभ से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण नई कड़ी जुड़ी है। इसका लाभ छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य हिस्सों के मरीजों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ में केवल एक मेडिकल कॉलेज था। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 10 हुई और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पिछले ढाई वर्षों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के बाद प्रदेश में अब 15 मेडिकल कॉलेज हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में प्रदेश में सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य सेवाओं का भी विस्तार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में दो नए सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों पर काम हो रहा है।



## पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश के सामने रखा विजन



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से 'शक्ति की सप्तधारा' का विजन देश के सामने रखा. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए देश को नई ऊर्जा और नई दिशा की जरूरत है. प्रधानमंत्री ने भारत की सात प्रमुख शक्तियों को रेखांकित करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में सामर्थ्य बढ़ाकर भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलानी होगी.

**ये शक्ति की सप्तधारा**

**पहली शक्ति : मैन्युफैक्चरिंग**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'शक्ति की सप्तधारा' में पहली शक्ति मैन्युफैक्चरिंग पावर है. भारत को डिजाइन से लेकर उत्पादन तक पूरी वैल्यू चेन तैयार करनी होगी. उन्होंने कहा कि भारत को लागत, गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता के वैश्विक मानकों पर खरा उतरते हुए दुनिया के लिए एक भरोसेमंद ग्लोबल सप्लाई चेन पार्टनर बनना होगा.

**दूसरी शक्ति- कृषि और खाद्य उत्पादन-** सप्तधारा की दूसरी शक्ति कृषि और खाद्य उत्पादन है. प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक बाजार भारत के लिए खुल रहे हैं और मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए नए बाजारों तक पहुंच बढ़ रही है. भारत के मसाले और मोटे अनाज यानी मिलेट्स दुनिया में भारतीय ब्रांड के रूप में पहचान बनाने चाहिए.

**तीसरी शक्ति- टेक्नोलॉजी और इनोवेशन-** प्रधानमंत्री ने सप्तधारा की तीसरी शक्ति टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को बताया. उन्होंने कहा कि यह रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस और डेटा सेंटर का दौर है. भारत को उभरती तकनीकों में वैश्विक इनोवेशन हब बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा.

**चौथी शक्ति- गति शक्ति**

सप्तधारा की चौथी शक्ति गति शक्ति है. प्रधानमंत्री मोदी ने तेज और निर्बाध कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए कहा कि शहरों को हाई-स्पीड रेल से जोड़ना होगा. इसके साथ ही पोर्ट-लेड डेवलपमेंट पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि देश की आर्थिक गतिविधियों को और गति मिल सके.

**पांचवीं शक्ति- रक्षा शक्ति**

प्रधानमंत्री ने पांचवीं शक्ति रक्षा शक्ति को बताया. उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना अब भारत के लिए जरूरी है. भारत केवल दुनिया के लिए बाजार बनकर नहीं रह सकता, बल्कि उसे रक्षा क्षेत्र में वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा.

# युवा पीढ़ी को साहस, कर्मशीलता, त्याग और शौर्य के बल पर स्वयं को तैयार करना होगा

नागपुर के ऐतिहासिक कस्तूरचंद पार्क में 200 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर ध्वजारोहण



**नागपुर ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक कस्तूरचंद पार्क मैदान में नागपुर महानगरपालिका के सहयोग से 'लोकमत' समाचार समूह द्वारा स्थापित 200 फीट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर राष्ट्रध्वज का ध्वजारोहण सरसंघचालक जी ने किया। विशेष कार्यक्रम में 'भारत के उज्ज्वल भविष्य में युवाओं का योगदान' विषय पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर 'लोकमत' एडिटोरियल बोर्ड के चेयरमैन तथा पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. विजय दर्डा और महापौर नीता ठाकरे उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में सरसंघचालक जी ने कहा कि भारत के पास मौजूद विशाल युवा आबादी केवल जनसंख्या का आंकड़ा नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत है। इस 'डेमोक्रेटिक डिविडेंड' का सही उपयोग किया जाए तो भारत विश्वगुरु बन सकता है। इसके लिए युवा शक्ति को उचित दिशा, कौशल और अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। युवाओं को केवल अपने भविष्य के बारे में न सोचते हुए देश और आने वाली पीढ़ी के भविष्य की जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत स्वतंत्रता के 80वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। ऐसे समय में देश के सामने सबसे बड़ा अवसर उसकी युवा आबादी है। अनेक पीढ़ियों ने देश के लिए त्याग किया, जिसके कारण आज की पीढ़ी स्वतंत्रता का आनंद ले रही है। अब आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी की है। युवाओं में ऊर्जा, सपने और कुछ अलग करने की ललक होती है। दुनिया के संघर्षों का पर्याप्त अनुभव नहीं होने के कारण उनमें आशावाद भी अधिक होता है। इस ऊर्जा को सही दिशा देना और राष्ट्र निर्माण में उसका उपयोग करना आवश्यक है। युवाओं को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए बड़े सपने देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी ताकत से जुट जाना चाहिए।

मोहन भागवत जी ने कहा कि युवा आबादी भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। हालांकि यह अवसर अपने आप विकास में परिवर्तित नहीं होगा। शिक्षा, कौशल, उद्यमिता, रोजगार सृजन और राष्ट्रहित की भावना के माध्यम से ही 'डेमोक्रेटिक डिविडेंड' को राष्ट्रीय शक्ति में बदला जा सकता है। रोजगार का अर्थ केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है। उद्योग और व्यवसाय में जोखिम होते हैं और युवाओं में इन जोखिमों का सामना करने का साहस होना चाहिए। स्वयं रोजगार प्राप्त करने के साथ ही दूसरों के लिए रोजगार पैदा करने की मानसिकता भी विकसित होनी चाहिए। देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में युवाओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।



### भारत को दूसरों से अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए

भारत को अमेरिका, चीन या ऑस्ट्रेलिया से अपनी तुलना करने के बजाय अपनी संस्कृति, मूल्यों और आवश्यकताओं के आधार पर विकास की दिशा तय करनी चाहिए। दुनिया आज अधूरी दृष्टि के कारण संघर्ष कर रही है। ऐसे में दुनिया को आगे का मार्ग दिखाने की जिम्मेदारी भारत की है। इसके लिए युवा पीढ़ी को साहस, कर्मशीलता, त्याग और शौर्य के बल पर स्वयं को तैयार करना होगा। देश की प्रतिष्ठा और सुरक्षा को मजबूत करने में युवाओं को आगे आना चाहिए।

### विरोध करें, लेकिन संविधान का ध्यान रखें

लोकतंत्र में अलग-अलग विचार और विरोधी दृष्टिकोण होना स्वाभाविक है। सवाल मजबूती से उठाना, आंदोलन करना और विरोध करना लोकतंत्र का हिस्सा है। लेकिन ऐसा करते समय संविधान और उसकी मर्यादाओं का ध्यान रखना जरूरी है। अपने कानून, संविधान, प्राचीन संस्कृति, संस्कार और शील को नुकसान न पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक को निभानी चाहिए। मतभेद होने के बावजूद मन में वैमनस्य नहीं होना चाहिए। विविधता में एकता और सहचित्त का निर्माण करना ही तिरंगे में मौजूद धम्मचक्र का संदेश है

## बीजेपी आईटी सेल की नई जिम्मेदारी संभालने वाले दीपक महस्के ने कहा , जेन जी पर ध्यान

**नई दिल्ली ।** अमित मालवीय की जगह बीजेपी आईटी सेल की नई जिम्मेदारी संभालने वाले दीपक महस्के ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता जेन जी है। नई पीढ़ी में पार्टी की पैठ बढ़ाने के लिए वह इंस्टाग्राम पर फोकस कर रहे हैं। दीपक महस्के ने इंस्टाग्राम और जेन-जी में पैठ बनाने को कोशिशों को प्राथमिकता बताया है। कहा कि पार्टी अपनी डिजिटल मौजूदगी को मजबूत करने और युवा वोटरों से जुड़ने की कोशिश कर रही है।

नई जिम्मेदारी संभालने के बाद महस्के ने कहा कि पार्टी का मुख्य फोकस इंस्टाग्राम पर होगा। सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी शॉर्ट-फॉर्म वीडियो और रील्स के जरिए दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'इंस्टाग्राम हमारी प्राथमिकता होगी। अधिकांश युवा इंस्टाग्राम पर होते हैं, इसलिए हम रील्स के जरिए सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी फैलाने पर ध्यान देंगे। हम इंस्टाग्राम पर युवाओं को टारगेट करने वाले खास कंटेंट पर काम करेंगे।

### कठिन समय में मिली आईटी सेल की जिम्मेदारी

दीपक महस्के को बीजेपी आईटी सेल की जिम्मेदारी ऐसे समय मिली है, पार्टी सोशल मीडिया के मोर्चे पर जेन जी से मिलने वाली चुनौतियों से जूझ रही है। जंतर मंतर पर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान इंस्टाग्राम पर आने वाले वीडियोज से प्रदर्शनकारियों की ताकत बने। म्हास्के का कहना है कि वह इंस्टाग्राम और युवा ऑडियंस के लिए एक खास रणनीति बनाने के लिए अपनी टीम के साथ काम करेंगे।



दीपक ने कहा कि हर राज्य की अपनी जरूरतें और अपनी खासियतें होती हैं। मकसद सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक अच्छा कंटेंट पहुंचाना और सरकारी नीतियों का प्रचार करना है। चूंकि इंस्टाग्राम युवा भारतीयों के लिए एक प्रमुख प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है, इसलिए भाजपा की नई डिजिटल रणनीति में शॉर्ट-फॉर्म वीडियो, टारगेटेड मैसेजिंग और राज्य-विशिष्ट कंटेंट पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की संभावना है, क्योंकि पार्टी जेन-जी वोटर्स के साथ अपना जुड़ाव मज़बूत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम 'हम जेन-जेड से कनेक्ट हो रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जेन-जेड तक अच्छा और पॉजिटिव कंटेंट पहुंचे। हम जेन-जेड तक पहुंचने के लिए एक खास रणनीति बनाएंगे।'

# टेहका के योगेश साहू ने KBC में जीते 50 लाख, IIT पास कर अब UPSC की कर रहे तैयारी

**2019 में 10वीं में प्रदेश में आए थे दूसरे, पिता गयाराम साहू पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के यहां हैं ड्राइवर**

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के लिए गर्व का पल। जिले के मूलतः टेहका गांव निवासी एवं वर्तमान में भाटापारा के ईश्वर बाड़ी, टेहका रोड में रहने वाले होनहार युवा योगेश साहू ने सोनी टीवी के प्रसिद्ध कार्यक्रम 'कौन बनेगा करोड़पति' में हॉट सीट तक पहुंचकर 50 लाख रुपये जीतकर पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। योगेश के एपिसोड का प्रसारण 18 अगस्त को रात 9 बजे सोनी टीवी पर हुआ। हॉट सीट पर योगेश सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देते नजर आए और उन्होंने 15वें प्रश्न तक का सही उत्तर देकर 50 लाख की राशि जीती।

### शिक्षा में शुरू से अव्वल

23 वर्षीय योगेश साहू बचपन से ही प्रतिभावान रहे हैं। वर्ष 2019 में 10वीं बोर्ड परीक्षा में उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उस समय उनका रोल नंबर 1191122002 था और वे भाटापारा के मयूर शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत थे। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने जेसीज कांवेंट में प्राप्त की। इसके बाद योगेश ने IIT मुंबई से शिक्षा प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वर्तमान में वे अखिल भारतीय स्तर की UPSC सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं और उन्होंने हाल ही में UPSC की प्रारंभिक परीक्षा भी उत्तीर्ण की है।



KBC में 50 लाख जीतने वाले भाटापारा के ईश्वर बाड़ी निवासी योगेश साहू। 2019 में 10वीं में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुके योगेश IIT पास कर अब UPSC की तैयारी कर रहे हैं।

### पिता के संघर्ष का फल

योगेश के पिता गया राम साहू महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस जी के यहां वर्षों से वाहन चालक का कार्य करते हैं। माता का नाम सरोजनी साहू है। परिवार पहले टेहका ग्राम में रहता था।

**"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" परिवार की ओर से योगेश साहू को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।**



KBC विजेता योगेश साहू अपने पिता गयाराम साहू के साथ

### योगेश की इस उपलब्धि पर पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस जी ने बधाई देते हुए कहा-



"मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई कि टेहका गांव के मेधावी युवा योगेश साहू ने KBC में 50 लाख जीतकर परिवार, गांव और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।"

### जिले भर में खुशी की लहर

*योगेश की इस उपलब्धि पर ग्राम टेहका सहित पूरे जिले में खुशी की लहर है। मुंबई से लौटने पर रेल्वे स्टेशन पर सामाजिक लोगों ने योगेश और गया राम साहू का जोरदार स्वागत किया। 18 अगस्त को योगेश के पैतृक गांव टेहका और भाटापारा के प्रमुख स्थानों पर बड़े पर्दे पर कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण किया गया। नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि "योगेश ने समाज, परिवार और भाटापारा का नाम पूरे देश में रोशन किया है।"*

संक्षिप्त समाचार

## अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खम्हरिया।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि 16 अगस्त को अटल चौक, सब्जी मंडी परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्र म में उपस्थित लोगों ने अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और देश के प्रति समर्पण को याद किया। इस दौरान अटल चौक परिसर "अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहें" के नारों से गूंज उठा।

भाजपा जिला महामंत्री राजेश ठाकुर ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने अपने विचारों, आदर्शों और राष्ट्रभक्ति के माध्यम से भारतीय राजनीति को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका राजनीतिक जीवन और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने अटल जी के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, एल्डरमैन अनिल सिंघानिया, वीरेंद्र जोशी, पुन्नी तोरण यादव, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश सिंघानिया, आदर्श जोशी, दीपक बंसल, नमिता सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवानी यादव, बासु राजपूत, सुरेश सिंघानिया, रेखा शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## अनेक पुलिस कर्मियो के तबादले किये गये

भाटापारा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने प्रशासनीक व्यवस्था के तहत अनेक तबादले किये है जिसमें शहर थाना पदस्थ उप निरीक्षक राधेलाल वर्मा का तबादला कसडोल थाना किया है इसी तरह महिला आरक्षक सीता मरावी को शहर थाना से हटाकर ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ किया गया है। यातायात शाखा के प्रधान आरक्षक दिनेश कुर्रे को भाटापारा से हटाकर पलारी थाना ज़ेजा गया है। इसी तरह रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार में पदस्थ पुनाराम यादव को ग्रामीण थाना ज़ेजा गया है। कसडोल थाना में पदस्थ आरक्षक शैलेन्द्र पैकरा को भाटापारा ग्रामीण में पदस्थ किया गया है। शहर थाना में पदस्थ आरक्षक कृष्ण कुमार जांगड़े को कसडोल थाना स्थानांतरित किया गया है। पुलिस चौकी ग्राम बया में पदस्थ आरक्षक आशीष घृतलहरे को ग्रामीण थाना ज़ेजा गया है। हथबंद थाना में पदस्थ आरक्षक संजय घृतलहरे को ग्रामीण थाना पदस्थ किया गया है। हथबंद थाना में ही पदस्थ गोविंद राम साहू को ग्रामीण थाना पदस्थ किया गया है। शहर थाना में पदस्थ आरक्षक शिवशंकर कुर्रे को लवन थाना पदस्थ किया गया है गिधौरी थाना पदस्थ आरक्षक रविशंकर साहू को ग्रामीण थाना ज़ेजा गया है। रक्षित केन्द्र में पदस्थ तुमेश परिमल को ग्रामीण थाना पदस्थ किया गया है। गिधौरी थाना में पदस्थ पितांबर पठारे को ग्रामीण थाना ज़ेजा गया है। देवानंद माथुर सहायक उप निरीक्षक रक्षित केन्द्र को थाना भाटापारा ग्रामीण ज़ेजा गया है। इस तरह नये पुलिस अधीक्षक ने अपने पहले तबादले सूची में आरक्षक व प्रधान आरक्षको के प्रभार में फेर बदल किया है।

## गुरुकुल विद्यालय में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**भाटापारा।** गुरुकुल विद्यालय में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बाबू मैथ्यू, रामरतन मुंदड़ा, रौनक मुंदड़ा, प्रशांत सुसारी,मनीष मिश्रा,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके पश्चात सभी ने एकस्वर में राष्ट्रगान गाया। इसके बाद कक्षा पहली के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण कर आकर्षक 'फ्रीडम परेड' प्रस्तुत की। विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत समूह गान की प्रस्तुति दी। प्राचार्य बाबू मैथ्यू ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, हम स्वतंत्रता दिवस इसलिए मनाते हैं ताकि उन अमर शहीदों की शहादत को याद कर सकें, जिन्होंने देश की वेदी पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। प्राचार्य ने विद्यालय परिषद के नवनिर्वाचित छात्र सदस्यों एवं चारों सदनों के कार्यकारिणी सदस्यों को पदभार सौंपते हुए कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

# मयूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू







**भाटापारा।** स्थानीय मयूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूरे उत्साह उमंग एवं देशभक्ति की भावना के माहौल में अध्यक्ष अशोक वाजपेयी ने ध्वजारोहण किया । विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत संस्कृतिक कार्यक्रम, कविता ,भाषण व छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति से भरपूर नृत्य से राष्ट्र प्रेम की अटूट झलक की प्रस्तुति दी ।जिससे सभी अतिथि, पालक गण ,छात्रों को मंत्र मुग्ध कर दिया ।अध्यक्ष महोदय अशोक वाजपेयी ने छात्रों को संबोधित करते हुए भारत माता की सम्मान तिरंगे की शान, देश की आन यही भावना हम सबका गौरव है, उपाध्यक्ष रविंद्र जैन ने आजादी के वीर शहीदों और महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए देश की एकता अखंडता और समृद्धि के लिए सदैव समर्पित रहने व प्राचार्य नंदलाल बाजपेयी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी । विद्यालय के सुचारू संचालन हेतु चुने हुए शालेय प्रतिनिधि को अनुशासित रूप से अपने कर्तव्य व उत्तरदायित्व का निर्वहन करने हेतु अध्यक्ष महोदय द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया ।विद्यालय के हाई स्कूल , हायर सेकेंडरी की परीक्षा वर्ष 26 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष , सचिव द्वारा रजत पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया व भविष्य में सर्वोच्च सफलता प्राप्त कर विकसित राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने की शुभकामनाएं दी गई गई । कार्यक्रम में श्रवण अग्रवाल सचिव श्री विजयमल कोषाध्यक्ष , बड़ी संख्या में उपस्थित पालकगण, छात्रों का उत्साह वर्धन करते रहे ।कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की शिक्षिका वीणा साहू , अमृता बालानी व रोजमीन खान के द्वारा व उपाध्यक्ष रविंद्र जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी गई । मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## क्षेत्रीय कवि सम्मेलन में कवियों ने बिखेरे हर रंग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा** / आदर्श सत्संग सेवा आश्रम केसली में क्षेत्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा के कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण पटेल ने कहा कि हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा के समावेश ने इस आयोजन को विशेष और रोचक बना दिया। ऐसे क्षेत्रीय साहित्यिक आयोजन हमारी लोकभाषा, संस्कृति और साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन से नई पीढ़ी को साहित्य और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श सत्संग सेवा आश्रम के संचालक करते हुए अशोक मिश्रा ने मां सरस्वती की वंदना "बुद्धि के देवइया दाई, गुन ला गावंव तोर..." से किया।

डॉ. राम नारायण नेताम ने अपनी भावपूर्ण रचना "निर्मल होकर कोई जब उन्हें पुकारा है, फिर कौन बिगाड़ेगा जब राम सहारा है" प्रस्तुत कर भक्ति का वातावरण बनाया। वहीं डॉ. कृष्ण कुमार वर्मा की छत्तीसगढ़ी कविता "भरत के आंसू के धार संग रोए हंव बनवास गए त, गौतम श्रापित अहिल्या तारे नारी रुपवा पाथर देखत..." ने पूरे माहौल को राममय कर दिया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले साहित्यकार डॉ. ललित सिंह ठाकुर ने अपनी चिर-परिचित छत्तीसगढ़ी बोली में "मैं छत्तीसगढ़ महतारी अंव, ओन्हना-कोन्हना के चिन्हारी अंव, सुख-दुख के संगवारी अंव, अऊ मन के मैं मतवारी अंव..." जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी रचना में छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और जनजीवन की झलक ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। "अंधवा-कनवा के लाठी अंव" और "जय जवान, जय किसान" जैसे भावों ने राष्ट्रप्रेम की भावना को भी मजबूत किया। ख्याति प्राप्त कवयित्री अन्नपूर्णा पवार आहुति ने अपनी कविता "जितने राम अवध के हैं, उतने ही दक्षिण कौशल के, जितने पिता के परिचय हैं, उतने ही मां के आंचल के..." के माध्यम से भगवान राम और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक संबंधों को अभिव्यक्त किया। उनकी प्रस्तुति को भी श्रोताओं ने जमकर सराहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कवि संतोष कुमार नायक ने सरकार की चावल योजना को लेकर कविता के माध्यम से सामाजिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा– "न जाने क्यों लोग सरकार की चावल योजना को गलत बताते हैं, योजना गरीबों के लिए बनती है, जिसके लाभ को अमीर लोग उठाते हैं..." उनकी व्यंग्यात्मक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी प्रस्तुति ने श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के समापन पर आदर्श सत्संग सेवा आश्रम के संचालक अशोक मिश्रा ने कवियों को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में साहित्य, संस्कृति, भक्ति और छत्तीसगढ़ी लोकभाषा का ऐसा सुंदर समागम देखने को मिला। केसली में देर रात तक कवियों ने रचना पाठ कर खूब वाहवाही लूटी।

## गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बालक खनीश के लिये चिरायु बना वरदान

**बलौदाबाजार** / गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बच्चे का चिरायु टीम की पहल से सफल ऑपरेशन होने से नवजीवन मिला। चिरायु की यह पहल बच्चे के लिये वरदान से कम नहीं है।



विकासखंड सिमगा के ग्राम केसदा स्थित दर्रीपार शासकीय प्राथमिक शाला में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिरायु टीम ने 7 वर्षीय छात्र खनीश यादव, पिता संतोष यादव में हृदय संबंधी बीमारी की आशंका जताई।आगे की जांच में गंभीर हृदय रोग की पुष्टि हुई। पूर्व जांच के दौरान परिजनों को बताया गया था कि बच्चे के हृदय रोग का ऑपरेशन छत्तीसगढ़ में संभव नहीं है तथा इसके लिए प्रदेश से बाहर उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

इसके बाद सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी के मार्गदर्शन में बच्चे को रायपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में विशेषज्ञों ने जांच के बाद बताया कि बच्चे का उपचार एवं ऑपरेशन संभव है। 1 अगस्त 2026 को बच्चे को भर्ती कराया गया तथा 5 अगस्त को सफलतापूर्वक हृदय का ऑपरेशन किया गया। 12 अगस्त को बच्चे को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल ने बताया कि चिरायु टीम ने बच्चे के उपचार की पूरी व्यवस्था में सक्रि य भूमिका निभाई। टीम ने बच्चे को अस्पताल पहुंचाने, भर्ती कराने से लेकर उपचार के दौरान लगातार परिजनों के संपर्क में रहकर आवश्यक समन्वय किया। ऑपरेशन के बाद 12 अगस्त को डिस्चार्ज होने पर चिरायु टीम के वाहन से ही बच्चे को उसके गांव स्थित घर तक सुरक्षित पहुंचाया गया। बच्चे के स्वस्थ होने पर उसके माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ शासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार जताया है। चिरायु टीम में चिकित्सक डॉ. अनुराग साहू, देवहूति वर्मा, फार्मासिस्ट सुधा कंवर एवं एमएलटी आकांक्षा बांधे शामिल रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर सांसद विजय बघेल ने दी श्रद्धांजलि

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थान खम्हरिया।** दुर्ग लोकसभा सांसद श्री विजय बघेल जी के सेक्टर-5, भिलाई स्थित निज निवास में भारत र% एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने अटल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी एक महामानव, कुशल राजनेता, प्रखर वक्ता एवं संवेदनशील कवि थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता से किया अपना वादा निभाते हुए अलग छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। अटल जी ने कहा था कि यदि छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा की झोली में सीटें डालती है, तो वे इसके उपहार स्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य देंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को विजय दिलाई और अटल जी ने अपना वादा पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया।

सांसद श्री बघेल ने कहा कि अटल जी की लोकप्रियता और व्यक्तित्व ऐसा था कि उनके राजनीतिक विरोधी भी उनकी प्रशंसा करते थे। उन्होंने देश को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाकर पूरी दुनिया को संदेश दिया कि भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। राष्ट्रहित, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनका समर्पण सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा।

उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं को देश सदैव श्रद्धा और सम्मान के साथ याद करता रहेगा।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, श्री शशि बंछेल, उपकार चंद्राकर, अरविंद खुराना, भागचंद जैन, दशरथ भोई, मनोज गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में भव्यता के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थान खम्हरिया।** खम्हरिया स्थित श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री डी. आर. भूवार्य सर, सेवानिवृत्त प्राचार्य, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थान खम्हरिया; श्री अशोक सिंह राजपूत सर, सेवानिवृत्त प्राचार्य, हाई स्कूल सैगोना; श्री के.आर. साहू सर, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं श्रीमती भारती हरिश निर्मलकर जी, पार्षद, वार्ड ₹ मांक 05 के कर-कमलों द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। राष्ट्रगान के दौरान पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओत-प्रोत नजर आया।

इस अवसर पर विद्यालय के सम्माननीय अभिभावकगण, गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण, कविताएं एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्रनायकों की वेशभूषा में दी गई प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं और उपस्थित अतिथियों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

सेवानिवृत्त प्राचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति एवं उनके द्वारा ध्वजारोहण किया जाना विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन तथा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

विद्यालय की प्राचार्या महोदया ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार हमारे सम्माननीय प्राचार्य महोदय ने अपने जीवन के अमूल्य 62 वर्ष समाज को जागरूक करने में समर्पित किए, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ते हुए समाज एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहना चाहिए। स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता एवं गौरव को सदैव बनाए रखने का आह्वान किया।

समारोह का समापन राष्ट्रप्रेम एवं उत्साह से भरे वातावरण में हुआ। उपस्थित अभिभावकों एवं गणमान्यजनों ने विद्यालय द्वारा आयोजित भव्य एवं सुव्यवस्थित कार्य₹ म की सराहना की। इस प्रकार श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल का स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, संस्कार, सम्मान और उत्साह का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## छत्तीसगढ़ उरांव (सरना) आदिवासी विकास परिषद द्वारा माँ के नाम एक पेड़ के तहत ग्राम- नवागांव (कठिया) स्थित उरांव आदिवासी समाज के सामाजिक भवन, रोहतास पैलेस में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया





**रायपुर।** 02 अगस्त 2026 को छत्तीसगढ़ उरांव (सरना) आदिवासी विकास परिषद के द्वारा ग्राम- नवागांव (कठिया), नवा रायपुर स्थित उरांव समाज के सामाजिक भवन परिसर में सामूहिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने का पहल किया गया। आदिवासी उरांव समाज आदि- अनादि काल से प्रकृति पूजक है, और जल- जंगल- जमीन इनकी आत्मा है। उरांव समाज की आस्था सदैव प्रकृति से जुड़ी है, और इनकी आत्मनिर्भरता भी प्रकृति से ही है। अतएव आदिवासी जनजाति समाज हमेशा से जल- जंगल- जमीन की रक्षा करते आया है।

परिषद द्वारा पत्राचार कर वृक्षारोपण हेतु वन विभाग से पौधा प्रदान करने का आग्रह किया गया, जिस पर वन विभाग की ओर से विभिन्न प्रकार के फल, फूल एवं औषधीय गुणों से युक्त 250 नग पौधा प्रदान किया गया, और परिषद द्वारा निजी नर्सरी से लगभग 100 नग फलदार व फूलदार पौधा ₹ य कर सामाजिक भवन परिसर में सामूहिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण की शुरुआत पूज्यनीय पीपल वृक्ष लगाकर की गई।

वृक्षारोपण कार्य₹ म में छत्तीसगढ़ उरांव (सरना) आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष श्री रामेश्वर राम टोप्पो, महासचिव श्री रामलाल भगत, सह सचिव श्री विजय कुमार भगत, कोषाध्यक्ष श्री रामलाल राम, कार्यकारिणी सदस्यगण श्री राजू भगत,जिला ईकाई- रायपुर के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद निकुंज, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार भगत, रानी सिनगी दई महिला संगठन, रायपुर के अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भगत, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रतिभा भगत,रानी सिनगी दई महिला संगठन, रायपुर के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुषमा भगत,राजी पड़हा, भारत (परसापानी) के देवान श्री विनोद भगत, पादा पड़हा, छत्तीसगढ़ के उप देवान श्री जी. के. निर्माम, वरिष्ठ नागरिक द्वय श्री जगरनाथ भगत, श्री दयानाथ भगत, श्री रामनाथ भगत, श्री शिबू प्रधान, श्री आर. पी. पी. प्रधान,डाक्टर चन्द्रपाल भगत, डाक्टर संगीता भगत, श्री जगेश्वर भगत, श्री लालसाय भगत, श्री राजीव सनमानी , श्री जयनाथ भगत,परिषद के भूतपूर्व महासचिव श्री महेंद्र कुमार भगत,श्रीमती सुनैना प्रधान, श्रीमती शिमला भगत, श्रीमती मंती भगत, श्रीमती जगदेवी भगत, श्रीमती ममता भगत, श्रीमती शांति भगत ईत्यादि सैंकड़ों की संख्या में उरांव आदिवासी समाज के महिलायें, पुरूष एवं छात्र छात्रायें प्रमुख रूप से शामिल हुए।अंत में वृक्षारोपण पश्चात् परिषद के महासचिव श्री रामलाल भगत के द्वारा लगाये गये पेड़- पौधे को बचाने की अपील करते हुए जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को हर साल पेड़- पौधे लगाने का संकल्प लेते हुए प्रकृति एवं पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। पश्चात वृक्षारोपण कार्य₹ म में शामिल सभी सम्माननीय प्रबुध्दजनों को सहृदय धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# "नाबालिग हाथों में हथियार , कानून के हाथ में हथकड़ी" - रायपुर की कानून-व्यवस्था पर सवाल

**रायपुर में हर दूसरे दिन हत्या की खबर अब अखबार की सुर्खी नहीं, आदत बन गई है। कबीर नगर,से शंकर नगर, शहर के हर कोने से खून की स्याही बह रही है। लेकिन सबसे डरावनी बात ये है कि जो अपराधी पकड़े जा रहे हैं, उनमें "नाबालिग" की संख्या लगातार बढ़ रही है।**

15 साल का लड़का चाकू लेकर निकलता है, हत्या करता है, और 3 दिन बाद "जुवेनाइल" होने के कारण छूट जाता है।

## कानून का डर खत्म, क्योंकि सजा का डर नहीं

आज के अपराधी को पता है कि 18 साल से कम है तो अधिकतम 3 साल रिमांड होम। हत्या जैसी संगीन वारदात के बाद भी वो हंसते हुए बाहर आ जाएगा। इसी वजह से बड़े अपराधी नाबालिगों को "हथियार" की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें आगे करके खुद पर्दे के पीछे रह जाते हैं।

रायपुर की गलियों में नशा, रील का नशा और गैंग कल्चर ने बच्चों के हाथ में किताब की जगह पिस्टल थमा दी है।

## जुवेनाइल जस्टिस एक्ट में सुधार जरूरी

हमारा इरादा बच्चों को सुधारना है, बचाना है। लेकिन जब अपराध "वयस्कों वाला" हो तो सजा भी "वयस्कों जैसी" होनी चाहिए।

## सुझाव

1. **गंभीर अपराधों में उम्र की सीमा घटे-** हत्या, बलात्कार, आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराध में 16 साल से ऊपर के नाबालिग पर वयस्क की तरह मुकदमा चले। सुप्रीम कोर्ट और 2015 के संशोधन ने इसकी इजाजत दी है, इसे कड़ाई से लागू किया जाए।
2. **रिमांड होम से रिहैबिलिटेशन सेंटर-** 3 साल की सजा के बाद बिना काउंसलिंग, बिना स्किल ट्रेनिंग के छोड़ देना मतलब उसे फिर अपराध के लिए तैयार करना है।
3. **माता-पिता और गिरोह पर कार्रवाई-** जो लोग नाबालिगों से अपराध करवाते हैं, उन पर हत्र और गैंगस्टर एक्ट लगे। स्रोत पर प्रहार जरूरी है।
4. **स्कूल-कॉलेज में निगरानी-** ड्रॉपआउट, नशा, गैंग में शामिल बच्चों की मैपिंग पुलिस और शिक्षा विभाग मिलकर करें।

## आगे का रास्ता

कानून सिर्फ पुलिस का काम नहीं है। जब तक अदालतें तेज नहीं होंगी, जब तक नशे की तस्करी नहीं रुकेगी, जब तक बेरोजगार युवा को रास्ता नहीं मिलेगा, तब तक रायपुर की सड़कें खून से सनती रहेंगी।

रायपुर को "राजधानी" बनकर रहना है तो उसे "अपराध की राजधानी" बनने से रोकना होगा। इसके लिए प्रशासन को सख्त होना पड़ेगा, समाज को जागना पड़ेगा, और कानून को समय के हिसाब से बदलना पड़ेगा।

क्योंकि अगर 16 साल का लड़का हत्या कर सकता है, तो 16 साल का लड़का सजा का सामना भी कर सकता है। दया और न्याय के बीच संतुलन ही असली कानून-व्यवस्था है।

# जंगल की लड़ाई शहरों तक पहुंचेगी!

**- अजीत द्विवेदी**

पिछले कुछ वर्षों से एक परिघटना के तौर पर 'अर्बन नक्सल' की चर्चा हो रही है। बड़े शहरों खास कर महानगरों में रहने वाले कुछ बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार भी किया गया। उनके ऊपर नक्सलियों को समर्थन देने के आरोप लगे। भीमा कोरेगांव में हिंसा भड़काने के प्रयास के आरोपों में जांच हुई और कई बौद्धिकों के कंप्यूटर से कथित तौर पर हिंसा को समर्थन देने वाले दस्तावेज व चिट्ठियां बरामद हुईं। इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए फादर स्टेन स्वामी का न्यायिक हिरासत में निधन हो गया। उनके हाथ कांपते थे और उनको पानी पीने के लिए स्ट्रॉ चाहिए था तो उसकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक गई थी। सरकार उनके प्रति इतनी सख्त थी कि जेल प्रशासन स्ट्रॉ तक नहीं दे रहा था। गौतम नवलखा से लेकर आनंद तेलतुम्बडे और प्रोफेसर जी साईबाबा तक अनेक लोग गिरफ्तार हुए और लंबे समय तक जेल में रहे।

अब प्रधानमंत्री ने 'दिमागी नक्सल' का एक नया जुमला ईजाद किया है। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से अपने 13वें भाषण में यह जुमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जंगल के नक्सलियों, जिनके लिए उन्होंने 'हथियारी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल किया, का सफाया हो चुका है। इसके बाद उन्होंने 'दिमागी नक्सल' की पहचान करने और उन्हें समाप्त करने का आह्वान किया। यह 'अर्बन नक्सल' से आगे की परिघटना है। ऐसा लग रहा है कि 'अर्बन नक्सल' का विमर्श वांछित परिणाम नहीं दे सका है। शहरी और ग्रामीण विभाजन में यह मामला कहीं खो गया। मध्य वर्ग के कुछ लोगों को एक अवधारणा के तौर पर यह अच्छा लगा लेकिन जिन लोगों पर कार्रवाई हुई उनमें से ज्यादातर को सामान्य लोग नहीं जानते थे या उनसे कनेक्ट नहीं कर सके। इसलिए उनके लिए ऐसे लोगों को खतरे के तौर पर देखना थोड़ा मुश्किल था। तभी ऐसा लग रहा है कि उससे आगे की परिघटना के तौर पर 'दिमागी नक्सल' का विचार प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसे अलग से परिभाषित नहीं किया लेकिन जिस तरह उन्होंने 'हथियारी नक्सल' के बरक्स 'दिमागी नक्सल' को रखा उससे परिभाषा बहुत स्पष्ट है।

# विजन 2047 की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़, उद्योगों से आत्मनिर्भर और समृद्ध भविष्य की नई पहल

## छत्तीसगढ़ के इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम और बिज़नेस-फ्रेंडली माहौल में निवेशकों के बढ़ते भरोसे

**छगन लाल लोन्हारे**
**(संयुक्त संचालक, जनसंपर्क)**



छत्तीसगढ़ आज औद्योगिक विकास के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां विकास का उद्देश्य केवल नए उद्योग स्थापित करना नहीं, बल्कि रोजगार, निवेश, आधुनिक तकनीक और क्षेत्रीय संतुलन के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए पारदर्शी, निवेश-अनुकूल और रोजगारोन्मुख वातावरण तैयार किया है। वहीं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मार्गदर्शन में नई औद्योगिक नीतियों ने निवेशकों का विश्वास मजबूत किया है और छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों की कतार में खड़ा करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने 25 जून 2026 में टेक्सटाइल पार्क की पहली यूनिट का भूमिपूजन किया। तमिलनाडु की स्विफ्ट टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड 235 करोड़ रुपए के निवेश से यहां गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगा रही है। इस यूनिट से 4650 लोगों को रोजगार मिलेगा। टेक्सटाइल और गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश-विदेश में नई पहचान दिलाने यह अहम कदम है।

बीते ढाई वर्षों में राज्य को 264 औद्योगिक परियोजनाओं से लगभग 8.22 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे 1.72 लाख से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है। इनमें से 154 परियोजनाएं निर्माण, भूमि आवंटन अथवा उत्पादन के चरण तक पहुंच चुकी हैं, जबकि कई इकाइयां पहले ही उत्पादन प्रारंभ कर चुकी हैं। इसी अवधि में प्रदेश में 3,009 नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं, जिनसे 50,807 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला। यह दर्शाता है कि सरकार की औद्योगिक नीतियां केवल कागज़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि धरातल पर परिणाम दे रही हैं।

**विनिर्माण इकाइयों को 100 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र को 150 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन**

राज्य सरकार द्वारा लागू औद्योगिक विकास नीति 2024-30 ने उद्योगों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। विनिर्माण इकाइयों को 100 प्रतिशत तथा सेवा क्षेत्र को 150 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन, एमएसएमई और सेवा उद्योगों को पहली बार विशेष लाभ, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फार्मा जैसे भविष्य के क्षेत्रों के लिए विशेष पैकेज तथा स्थानीय युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान इस नीति की प्रमुख विशेषताएं हैं। यही कारण है कि नवा रायपुर में देश का पहला एआई डेटा सेंटर एसईजेड और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश जैसी बड़ी पहलें आकार ले रही हैं।

## ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। 150 से अधिक सेवाओं वाला नया सिंगल विंडो सिस्टम, निवेशकों के लिए एआई आधारित वाणी प्रणाली, 500 से अधिक प्रशासनिक सुधार तथा प्रि याओं का सरलीकरण निवेशकों के लिए बेहतर माहौल तैयार कर रहा है। औद्योगिक विकास का लाभ प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचे, इसके लिए राज्य में 23 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए तथा 15 जिलों में 26 नए औद्योगिक कार्य स्वीकृत किए गए हैं। सरोरा में प्लास्टिक पार्क और नवा रायपुर में टेक्सटाइल, फार्मा एवं रेडीमेड गारमेंट पार्क जैसे प्रयास औद्योगिक आधार को और मजबूत बना रहे हैं।

## सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक रोजगार सृजित करना और निवेश को तेजी से धरातल पर उतारना

हाल ही में विजन 2047 औद्योगिक विकास की संभावनाएं विषयक चर्चा में उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक रोजगार सृजित करना और निवेश को तेजी से धरातल पर उतारना है, ताकि स्थानीय युवाओं को अधिकतम अवसर मिल सकें। आने वाले वर्षों के लिए सरकार निर्यात नीति, स्टार्टअप एवं नवाचार नीति, कौशल विकास, इंटर्नशिप, एमएसएमई सशक्तिकरण और बस्तर-सरगुजा जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, प्रदेश के युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला उद्यमी बनाना है। राज्य में नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद पिछले 18 महीनों में 8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश का वादा मिला है, जिससे अलग-अलग सेक्टर में 1.6 लाख से ज़्यादा रोज़गार के अवसर पैदा होने की संभावना है। टेक्सटाइल और कपड़ों के अलावा, राज्य ने डेटा सेंटर, आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भी बड़े निवेश आकर्षित किए हैं। यह छत्तीसगढ़ के इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम और बिज़नेस-फ्रेंडली माहौल में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है।



## नवा रायपुर में आधुनिक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना

राज्य में वस्त्र एवं परिधान उद्योग को प्रोत्साहित करने नवा रायपुर में आधुनिक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जा रही है। इसके 81 एकड़ क्षेत्र में 2758 वर्गमीटर से लेकर 38 हजार 180 वर्गमीटर आकार के भूखंड उपलब्ध हैं। टेक्सटाइल, गारमेंट एवं परिधान उद्योग, तकनीकी वस्त्र (जमबीदपबंस जमगजपसमे) तथा इनके सहायक एवं पूरक उद्योगों की स्थापना के लिए निवेशकों को यहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विजन 2047 की दिशा में छत्तीसगढ़ का यह औद्योगिक अभियान केवल आर्थिक विकास की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसे भविष्य का निर्माण है जहां निवेश, नवाचार, रोजगार और समावेशी विकास मिलकर आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव रख रहे हैं।

# रामकथा को जन जन तक पहुंचाने वाले तुलसीदास



**आचार्य ललित मुनि**

**लेखक वरिष्ठ** पत्रकार एवं लोक संस्कृति के अध्येता हैं

कवि यह सोचकर किसी काव्य की रचना नहीं करता कि वह लोक में प्रसिद्ध होगा। वह अपने भीतर उठे भाव, अनुभव और विचारों को शब्द देता है। कवि कुलभूषण तुलसीदास ने जब रामचरितमानस की रचना की होगी, तब उन्होंने भी शायद यह नहीं सोचा होगा कि उनकी रचना आने वाली सदियों में लोकजीवन का इतना गहरा हिस्सा बन जाएगी। उन्होंने अपनी विनम्रता व्यक्त करते हुए स्वयं कहा है–

"कबित बिबेक एक नहिं मोरें।
सत्य कहउँ लिखि कागद कोरें॥"


लेकिन लोक ने रामचरितमानस को वह स्थान दिया, जो बहुत कम काव्य ग्रंथों को प्राप्त हुआ। वह धीरे-धीरे तुलसीदास का काव्य भर नहीं रहा। लोक ने उसे अपनाया, गाया, सुना, याद किया और अपने जीवन के प्रसंगों में उतार लिया। इस तरह मानस लोक में समरस हो गया।

भारत में रामकथा की यात्रा बहुत पुरानी है। महर्षि वाल्मीकि की रामायण से लेकर देश की अलग-अलग भाषाओं, लोकपरंपराओं और काव्यधाराओं तक राम अनेक रूपों में सामने आते रहे हैं। कहीं वे आदर्श राजा हैं, कहीं वनवासी राम, कहीं लोकदेवता और कहीं भक्त के हृदय में बसे आराध्य। इसी लंबी परंपरा में तुलसीदास की रामचरितमानस एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में दिखाई देती है।

तुलसीदास ने रामकथा को नया विषय नहीं दिया। उनके सामने महर्षि वाल्मीकि की रामायण सहित रामकथा की समृद्ध परंपरा मौजूद थी। उनका असाधारण योगदान यह था कि उन्होंने इस कथा को ऐसी भाषा और काव्य-भंगिमा में प्रस्तुत किया, जिसमें सामान्य जन अपने अनुभवों की आवाज सुन सके। अवधी में रचा गया रामचरितमानस मुख्यतः दोहा-चौपाई की संरचना में है। परंपरागत विवरणों के अनुसार तुलसीदास ने इसका आरंभ संवत् 1631 यानी 1574 ईस्वी में किया।

उस समय समाज का बहुत बड़ा हिस्सा संस्कृत का पाठक नहीं था। कथा सुनने वालों की संख्या पढ़ने वालों से कहीं अधिक रही होगी। तुलसीदास ने लोक की इसी स्थिति को समझा। उन्होंने रामकथा को अवधी में रखा। यह निर्णय केवल भाषा का चुनाव नहीं था, लोकजीवन से सीधा संवाद था।

# उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा मानसून सत्र



संसद केवल ईंट-पत्थर से बनी इमारत नहीं है। वह भारत की सामूहिक चेतना का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। वहां देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाएं, समस्याएं और सपने पहुंचते हैं। किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिला, व्यापारी, युवा, गरीब और वंचित वर्ग-सभी की आवाज संसद के माध्यम से राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनती है। सं सदीय मर्यादाओं का क्षरण कब तक? आखिर कब हम संसद के एक-एक मिनट का उपयोग करने की पात्रता विकसित करेंगे? आजादी की 80वीं वर्षगांठ की आयोजना से पूर्व भारत में संसद का मानसून सत्र जिस निराशाजनक स्थिति, नाउम्मीदी और उपेक्षापूर्ण स्थितियां के साथ संपन्न हुआ, वह केवल किसी एक दल, सरकार या विपक्ष की विफलता नहीं है, बल्कि हमारी संसदीय संस्कृति के सामने खड़ा एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। 25 दिनों तक चले इस सत्र में तीखी राजनीतिक बहस के बजाय हंगामा, नारेबाजी, गतिरोध और कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति अधिक प्रभावी रही। प्रश्न यह नहीं है कि सत्ता पक्ष सही था या विपक्ष, प्रश्न यह है कि क्या हमारी संसद अपने मूल दायित्व-जनता के प्रश्नों पर गंभीर विमर्श, सरकार की जवाबदेही और राष्ट्रहित में कानून निर्माण को पूरा कर पा रही है? इस सत्र के आंकड़े स्वयं बहुत कुछ कह रहे हैं। लोकसभा की उत्पादकता बमुश्किल 19 प्रतिशत रही, जबकि राज्यसभा में लगभग 39 प्रतिशत काम हो पाया। लोकसभा में एक भी दिन प्रश्नकाल पूरा नहीं हो सका। यह स्थिति इसलिए अधिक चिंताजनक है क्योंकि प्रश्नकाल संसद की आत्मा माना जाता है। देश की जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को सरकार से प्रश्न पूछने और सरकार को उनका उत्तर देने का अवसर ही यदि सदन में उपलब्ध न हो, तो लोकतंत्र की जवाबदेही किस रास्ते से सुनिश्चित होगी? 28 जुलाई को लोकसभा में अपेक्षाकृत ठीक काम हुआ, जबकि राज्यसभा में भी केवल कुछ दिन ही सार्थक कार्यवाही हो सकी। शेष समय का बड़ा हिस्सा राजनीतिक टकराव की भेंट चढ़ गया।

संसद केवल ईंट-पत्थर से बनी इमारत नहीं है। वह भारत की सामूहिक चेतना का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। वहां देश के करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाएं, समस्याएं और सपने पहुंचते हैं। किसान, मजदूर, विद्यार्थी, महिला, व्यापारी, युवा, गरीब और वंचित वर्ग-सभी की आवाज संसद के माध्यम से राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनती है। इसलिए संसद का एक मिनट भी केवल सांसद का समय नहीं होता, वह देश की जनता के धन, विश्वास और लोकतांत्रिक अधिकार का समय होता है। संसद का प्रत्येक व्यर्थ गया मिनट वास्तव में जनता के विश्वास से घटा हुआ एक मिनट है। दुर्भाग्य यह है कि संसद में हंगामा अब अपवाद नहीं, बल्कि संसदीय राजनीति का लगभग नियमित हथियार बनता जा रहा है। मुद्दे उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है, सरकार को घेरना विपक्ष का दायित्व है और असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन असहमति को संवाद में बदलने के बजाय कार्यवाही रोक देना लोकतंत्र को मजबूत नहीं करता। विरोध की भी एक मर्यादा होती है।



**अतिथि संपादक - ललित गर्ग**

# राजधानी से रोजगार धानी की ओर बढ़ता नवा रायपुर

# औद्योगिक निवेश से रोजगार का नया आधार बन रहा नवा रायपुर अटल नगर

## *टेक्सटाइल से फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स से MSME तक-भविष्य के उद्योगों की मजबूत होती नींव, हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर*

**श्री सुनील त्रिपाठी,**
**सहायक संचालक जनसंपर्क**

नवा रायपुर अटल नगर अब केवल आधुनिक प्रशासनिक राजधानी के रूप में नहीं, बल्कि निवेश, उद्योग और रोजगार के नए केंद्र के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। सुनियोजित शहरी विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक अधोसंरचना के साथ शहर में ऐसे उद्योगों को आकर्षित किया जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के नए अवसरों का आधार बन सकें।

नवा रायपुर में टेक्सटाइल, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और आईटी जैसे भविष्य के उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। औद्योगिक निवेश के इन प्रयासों का उद्देश्य केवल नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करना नहीं, बल्कि विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था को गति देना और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करना भी है।

नवा रायपुर के लेयर-2 स्थित ग्राम कुर्रू में टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इस परियोजना के लिए CSIDC को 100 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की शुरुआत अब जमीन पर भी दिखाई देने लगी है। स्विफ्ट टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड ने जून 2026 में 235 करोड़ रुपए के निवेश से गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का भूमिपूजन किया है। इस इकाई से करीब 4,650 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

वहीं पुनीत क्रिएशन के साथ 175 करोड़ रुपए के निवेश का समझौता किया गया है। इन परियोजनाओं को मिलाकर टेक्सटाइल पार्क में लगभग 10,000 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

इस तरह टेक्सटाइल पार्क नवा रायपुर में विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार के साथ रोजगार के नए अवसरों का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### 132 एकड़ में फार्मा पार्क, स्वास्थ्य उद्योग को मिलेगी नई गति

स्वास्थ्य और औषधि निर्माण के क्षेत्र में भी नवा रायपुर एक महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सेक्टर-22 में 132 एकड़ भूमि CSIDC को आवंटित की गई है, जहां फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना में लगभग 2,000 करोड़ रुपए के निवेश और करीब 1,400 रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। फार्मा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों टोरेंट फार्मा, एविला फार्मास्युटिकल्स और विटालिस हेल्थ के साथ कुल 735 करोड़ रुपए के एमओयू किए जा चुके हैं।



फार्मा पार्क के विकसित होने से दवा निर्माण के साथ इससे जुड़ी विभिन्न औद्योगिक और सहायक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

### इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी बढ़ते कदम

भविष्य की अर्थव्यवस्था में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। नवा रायपुर ने इस क्षेत्र में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

यश फैंस ने 110 करोड़ रुपए के निवेश से होम अप्लायंसेज निर्माण इकाई शुरू की है। यह निवेश नवा रायपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण निर्माण के क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक कॉमन फैसिलिटी सेंटर को भारत सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। यहां PCB प्रोटोटाइपिंग, 3D प्रिंटिंग और EMC टेस्टिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### MSME बनेंगे औद्योगिक विकास की रीढ़

नवा रायपुर के औद्योगिक विकास की कहानी केवल बड़े निवेशों तक सीमित नहीं है। बड़े उद्योगों के साथ-साथ MSME क्षेत्र को भी मजबूत आधार दिया जा रहा है। सेक्टर-05 में विनिर्माण उद्योगों के लिए भूमि आवंटित की गई है। यहां वर्तमान में 1,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है, जबकि भविष्य में 12,000 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है।

MSME क्षेत्र के विस्तार से स्थानीय उद्यमिता और विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ बड़े उद्योगों के लिए सहायक औद्योगिक नेटवर्क विकसित होने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

### निवेश से रोजगार और रोजगार से आर्थिक गतिविधियों का विस्तार

नवा रायपुर में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों की तस्वीर बताती है कि शहर के विकास का अगला चरण प्रशासनिक राजधानी से आगे बढ़कर निवेश और रोजगार के केंद्र के रूप में आकार ले रहा है।

टेक्सटाइल पार्क में लगभग 10,000 रोजगार, फार्मा पार्क में करीब 1,400 रोजगार और MSME क्षेत्र में भविष्य में 12,000 से अधिक रोजगार की संभावनाएं–ये सभी मिलकर नवा रायपुर की अर्थव्यवस्था को अधिक विविध और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और आईटी क्षेत्र में विकसित हो रहा इकोसिस्टम नवा रायपुर की औद्योगिक संभावनाओं को और व्यापक बना रहा है। शहर में 2,000 सीटों वाला प्लग एंड प्ले आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है, जहां Square Business Services, Vrize India और Vision Plus जैसी आईटी कंपनियां कार्य कर रही हैं।

### निवेश की नई तस्वीर, रोजगार का नया भविष्य

नवा रायपुर में औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण पहलू सेक्टर आधारित औद्योगिक क्लस्टरों का विकास है। टेक्सटाइल के लिए अलग क्षेत्र, फार्मा के लिए समर्पित पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण की शुरुआत और MSME के लिए औद्योगिक भूमि–ये प्रयास शहर की अर्थव्यवस्था को विविधता प्रदान कर रहे हैं। औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ परिवहन, लॉजिस्टिक्स और अन्य सहायक सेवाओं के विकास की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। नवा रायपुर में CBD रेलवे स्टेशन संचालित है और सेक्टर-1 तथा सेक्टर-40 में आधुनिक लॉजिस्टिक्स हब प्रस्तावित हैं।

**आईटी, डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर से बनेगा भविष्य का डिजिटल इकोसिस्टम**

नवा रायपुर में औद्योगिक विकास का दायरा पारंपरिक विनिर्माण तक सीमित नहीं है। सेक्टर-22 में CBD रेलवे स्टेशन के पास करीब 1,000 करोड़ रुपए की लागत से द्ध आधारित डेटा सेंटर पार्क विकसित किया जा रहा है।

विकसित भारत निर्माण एवं बेहतर कैरियर हेतु युवाओं को किया प्रोत्साहित

# युवा अपने हौसलों को मजबूत कर लक्ष्य हासिल करें - वित्त मंत्री

## युवा नेतृत्व एवं कौशल विकास क्षमता कार्यशाला में वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी हुए शामिल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाजार।** उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य प्रकोष्ठ द्वारा गुरुवार को जिला ऑडिटरियम बलौदाबाजार मे नशामुक्त विकसित भारत तथा नशामुक्त सशक्त युवा एवं संत रविदास जयंती अंतर्गत युवा नेतृत्व एवं कौशल विकास क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री श्री ओ. पी.चौधरी मुख्य वक्ता के तौर पर इस कार्यशाला मे शामिल हुए और युवाओं को प्रेरित करते हुए जीवन में आने वाली चुनौतियों. का डटकर सामना करने और अपने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा क़ि युवाओ मे असीम ऊर्जा निहित होते है,उस ऊर्जा को सही दिशा मे लगाने से परिवर्तन जरूर



होता है। इतिहास गवाह है भारत वर्ष मे ऐसे अनेक युवा हुए हैं जिन्होंने कम आयु मे ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है जिसमें शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद,खुदीराम बोस,शहीद भगत सिंह जैसे विभूति शामिल हैं। उन्होंने कहा क़ि जीवन मे कोई भी कठिनाई आए तो उससे घबराकर हार नहीं मानना है बल्कि सामना करें,कठिनाई मार्ग के बाधक नहीं बल्कि साधक हैं। सड़क मे गड्ढे होते हैं तो हम चलना नहीं छोड़ते,गड्ढे से छलांग लगाकर पार होते हैं और अपने गंतव्य की ओर बढ़ जाते हैं।उन्होंने कहा क़ि युवा मन मे जूनून पैदा करें और कुछ कर गुजरने की इच्छा रखें,बिना रिस्क लिये जिंदगी मे सफलता नहीं मिलती, रिस्क लेने की क्षमता विकसित करें।

मंत्री श्री चौधरी ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारत का डंका विदेशो मे बज रहा है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने हम सबकी सहभागिता जरुरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मे एक समय मे केवल एक मेडिकल कॉलेज हुआ करता था लेकिन आज 20 होने जा रहा है,नर्सिंग कॉलेज 24 हो गए है। राजधानी मे कई राष्ट्रीय महत्व के संस्थान खुल गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मे केवल डिग्री हासिल करने मात्र से नौकरी की गारंटी नहीं है, अब डिग्री के साथ कौशल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 200 युवाओ को यूपीएससी की निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। प्रदेश मे विभिन्न विभागों मे सरकारी पदों को भरने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज के दौर मे सोशल मिडिया युवाओ का पसंदीदा प्लेटफार्म है,लेकिन इसमें सकारात्मक विचारों का आदान- प्रदान होना चाहिए। युवाओ को नकारात्मक विषयो से बचना होगा।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि युवाओ मे नशा राष्ट्र के सामने एक चुनौती है,नशे की आलोचना के साथ इसे दूर करने सबको साथ आना होगा। उन्होंने कहा कि हम विकसित भारत 2047 के साथ आगे बाढ़ रहे है इसमें युवाओ की महती भूमिका है।उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी युवा शक्ति है, युवा नशे के चंगुल में पड़ेंगे तो राष्ट्र को नुकसान होगा।उन्होंने संत रविदास के प्रकट उत्सव



पर कहा कि संत रविदास के बताए मार्ग पर चलाकर प्रदेश को एक विकसित और अग्रणी राज्य बनाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा,एसपी गौरव राय, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,डॉ.सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी एवं बड़ी संख्या मे युवा उपस्थित रहे।

## कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मनोविकास केन्द्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बांटी खुशियां

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा रविवार को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र पहुंचे। उन्होंने केन्द्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से संवाद कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दीं। इस दौरान उन्होंने मनोविकास केंद्र में विभिन्न मानसिक विकारों से पीड़ित बच्चों क़ो उपहार भेंट कर बच्चों का प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर ने सभी बच्चों से मुलकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और पढ़ाई के लिये उपयोग कर रहे विभिन्न मॉडलो के बारे मे पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों के अभिभावकों से केन्द्र



के उपचार से लाभ के बारे मे जानकारी ली। अभिभावकों ने मनोविकास केंद्र को बच्चों के ईलाज और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।उन्होंने कहा कि केन्द्र मे आकर बच्चों को बहुत लाभ मिल रहा है।कलेक्टर ने केंद्र के एडमिन कक्ष, बच्चों के कक्ष, फिजियो थेरेपी रूम, ऑडियोमेट्री रूम सहित बैठक हाल का जायजा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने योगा के साथ ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर अपने हुनर का परिचय दिया। बताया गया कि वर्तमान में लगभग 40 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे केंद्र में दाखिला लिये हैं । इन बच्चों क़ो पढ़ाने के लिए 3 स्पेशल एजुकेटर, फिजियो थिरेपिस्ट और ऑडियो मेट्रियोलॉजिस्ट और योगा प्रशिक्षक हैं।



## जैन समाज की अयोध्या तीर्थ यात्रा संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** दिगंबर जैन समाज के 48 सदस्य विगत दिनों प्रयागराज एवं अयोध्या की यात्रा संपन्न कर लौटै। प्रकाश सुमन लता मोदी परिवार ने अपने परिवार के द्वारा समस्त दिगंबर जैन समाज के सदस्य पुरुष युवा महिलाएं एवं बच्चों को प्रयागराज एवं अयोध्या तीर्थ की यात्रा संपन्न करवाई। समस्त तीर्थ यात्रियों का जैन समाज बिलासपुर, पेंड्रा रोड, बुढार, कटनी,लखनऊ श्रावस्ती जैन समाज में सम्मान किया गया। प्रयागराज में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के तप एवं ज्ञान कल्याण की भूमि के दर्शन, वट वृक्ष के दर्शन, गंगा यमुना नदी का त्रिवेणी संगम का दर्शन करके, अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में भगवान आदिनाथ की जन्मस्थली में आर्यिका ज्ञानमती माता, आर्यिका चंदना मती माता, पीठाधीश रविंद्र कीर्ति स्वामी के नेतृत्व में भगवान का मस्तका अभिषेक ,शांति धारा, आदिनाथ विधान संपन्न किया गया । जिसमें सभी समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, मर्यादा पुरुषोत्तम वीतराग रामचंद्र भगवान के मंदिर के दर्शन पूजा अर्चना की गई । दोपहर के आर्यिका ज्ञानमती माता की पूजन भक्ति भाव से अभिषेक मोदी एवं विनोद मोदी के नेतृत्व में संपन्न



हुई। तृतीय दिन 1008 भरत भगवान के प्रतिमा का मस्तका अभिषेक संपन्न कर यात्रा संपन्न की गई। यात्रा में अभिषेक मोदी,अशोक सिंघई, अजय जैन अजू, सतीश भंसाली ,अनिल मोदी, विनोद मोदी, अभिषेक मोदी, संदीप जैन ,बल्लू जैन ,अभय सिंघई ,प्रकाश मोदी, सुनील जैन जगदलपुर, संजय जैन जगदलपुर , प्रमोद जैन, संजय जैन एवं महिला मंडल की सदस्य अध्यक्ष पदाधिकारी यात्रा में शामिल थे।

## राखी को लेकर भाटापारा बाजार में ग्राहकी चहल पहल शुरू

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी 28 अगस्त दिन शु₹ वार को भाई - बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षा बंधन को लेकर शहर के लगभग 150 छोटे बड़े स्थानों पर राखी दुकान सज चुका है और बकायदा ग्राहकी का माहौल भी इन दुकानों में उमड़ पड़ा है। बदलते माहौल में आकर्षक व फैंसी एवं नई डिजाईनो की राखी की मांग बाजार में ज्यादा है। दिल्ली , अहमदाबाद, सुरत , मुंबई सहित अन्य महानगरों से राखी की खेप भाटापारा पहुंचकर बि₹ी के लिए शुरू हो चुकी है। राखियों में लुंबा , दिल्ली डोरी , फैंसी डोरी ,जरी राखी , स्टोन राखी , अहमदाबाद राखी , डोरी राखी , रेशम डोरी मेटल राखी के अलावा अन्य राखियों का स्टॉक चिल्हर व थोक दुकानों में बड़ी तादाद में मौजुद है। जहां थोक दुकान से आस पास के तमाम क्षेत्र के लिए राखी के कार्टुन पैक होकर रवाना हो रहे है । वहीं चिल्हर राखियों की दुकान में भी अच्छी ग्राहकी से इस बार राखी बाजार में भारी चहल पहल का वातावरण रहने की संभावना है। राखी को लेकर विभिन्न मिष्ठान भंडारो में भी मिठाई बनाने को लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारी जारी है। इधर भाईयों की कलाई में प्रत्यक्ष रूप से राखी नही बांध पाने वाली बहन विभिन्न कुरियर व डाक से राखी बड़ी तादाद में अभी से ज़ेज रही है ताकि उनके भाईयों तक सही समय पर राखी पहुंच सके। बाजार में अधिकांश दुकानों में 2 रूपयें नग से लेकर 200 रूपयें नग तक बिकने वाली राखी मौजुद है। चांदी के भाव में भारी उछाल के कारण इस बार चांदी बाजार व ज्वेलर्स बाजार में चांदी की राखी की मांग अत्यंत कमजोर स्थिति में है।



संक्षिप्त समाचार

## तेज रफ्तार वाहन चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा

*सीमेंट लदी वाहन रेलवे अंडर ब्रिज के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसी व अंडर ब्रिज के गर्डर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त*



**भाटापारा।** शहर में बीती रात्रि सीमेंट लदी एक तेज रफतार ट्रेलर वाहन क्रमांक सी जी 04 एनटी 4515 नागपुर जाने के लिए रवाना हुई थी इस बीच तेजी से वाहन चला रहे । चालक को भाटापारा तहसील चौक के पास से रेलवे ओव्हर ब्रिज होकर वाहन को ले जाना था लेकिन वह शहर के अंदर प्रवेश करते हुए बाबुलाल टाकीज के रास्ते कम हाईट वाले अंडर ब्रिज की ओर बढ़ गया और उसे शायद यह आभास नही था कि रेलवे अंडर ब्रिज से हैवी वाहन निकलना मुश्किल है। वाहन निकालने के प्रयास में वाहन चालक जो पहले से तेज रफतार में था वह सीधे रेलवे अंडर ब्रिज के गर्डर से जा टकराया फलस्वरूप चालक केबीन के ऊपर लोहे का गर्डर टुटकर गिर गया व समुचा ट्रेलर वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया इस गंभीर हादसे में चालक को गंभीर चोट लगी है इस बीच घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम ने मध्य रात्रि के बाद लगभग दो बजे उक्त वाहन में फसे चालक को सुझबुझ एवं तत्परता दिखाते हुए किसी तरह बाहर निकाला दर्द व चोट से तड़प रहे चालक को तत्काल पुलिस टीम के मोहित जगत भुनेश्वर , गोवर्धन साहू, सुरज पाटले सहित अन्य लोगो ने फौरन अस्पताल पहुंचाया जहां उसका त्वरित उपचार शुरू किया गया लेकिन वाहन चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भाटापारा अस्पताल से अन्य शहर की ओर उपचार के लिए रवाना किया गया है। इस घटना की जानकारी होने पर शहर में अल सुबह से लोग हटरी बाजार रेलवे अंडर ब्रिज की ओर पहुंचने लगे व जिसने भी देखा उक्त घटना को बहुत ही गंभीर बताते हुए इस प्रकार की घटना भविष्य में न हो इसके लिए अंडर ब्रिज के दोनो छोर पर हैवी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने वाले नये गर्डर एवं बोर्ड लगाने की मांग की है। घटना पर आर पी एफ की टीम ने वहां पहुंचकर रेलवे को हुए नुकसान की जांच प्रारंभ कर दी है साथ ही देर रात से दोपहर 12 बजे तक बंद यातायात व्यवस्था को पुनः चालु कराने के प्रयास में उनका प्रयास उल्लेखनीय रहा है। घटना में गंभीर रूप से घायल वाहन चालक का नाम राकेश सिंग बताया गया है।

## शिवरतन शर्मा ने करहीबाजार में छात्राओं को सायकल वितरित किया



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में स्थित गांव करहीबाजार के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी /हिंदी माध्यम विद्यालय में सायकल वितरण एव ं विभिन्न विकास कार्यो के तहत लोकार्पण तथा भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए उक्त अवसर पर उन्होने शिक्षा पर जोर देते हुए सभी को शिक्षित होने का आव्हान किया। उन्होने आगे कहा कि शिक्षा अधोसंरचना एवं आस्था तीनों के समन्वय से ही किसी गांव का सर्वागीण विकास संभव है अन्य क्षेत्रों की तुलना में करहीबाजार क्षेत्र का जिस तेज गति से विकास हुआ है और हो भी रहा है वह निश्चित रूप से दुसरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहा है। भाजपा सरक ार के कार्यकाल में करहीबाजार क्षेत्र को विकास के लिएअनेक सौगात प्राप्त हुए है। वर्तमान में गली कांक्रीटीकरण का लोकार्पण मुक्तिधाम पहुंच मार्ग के अलावा अन्य विकास के काम हुए उक्त अवसर पर शर्मा ने महामाया मंदिर पहुंच मार्ग कांक्रीटीकरण का भूमि पूजन भी किया उसके पश्चात उन्होने हाय स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया। सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम में शर्मा ने छात्राओ ंको सायकल वितरित करते हुए कहा कि सरकार नारी शिक्षा व महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कार्य कर रही है। स्कूल आने जाने वाली बेटियों को किसी प्रकार से अवागमन में असुविधा न हो इसके चलते उन्हें निः शुल्क सायकल उपलब्ध कराये गये है। छात्राओ ंको पुरी तन्मयता से शिक्षा के प्रति ध्यान देकर अपने भविष्य , अपने परिवार, अपने क्षेत्र व गांव का नाम रोशन हो इस प्रकार उत्कृष्ट अंको के साथ प्रत्येक कक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिक्षा ग्रहण करना चाहिए । उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल स्टॉफ के साथ साथ अनेक भाजपा नेता ,पंचायत पदाधिकारी ,ग्रामीणजन व अन्य लोग उपस्थित थे।

# थान खम्हरिया नगर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## विद्यालय की छात्राओं की प्रभात फेरी और आकर्षक झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर सहित पूरे अंचल में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नगर में प्रभात फेरी निकाली। देशभक्ति गीतों के साथ निकली प्रभात फेरी में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की आकर्षक झांकियां भी शामिल रहीं। झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और नगरवासी उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़े।

स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर के विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र





में डॉ. स्वदेश जायसवाल, सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष जगदीश वैष्णो जी तथा थाना परिसर में थाना प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

जय स्तंभ चौक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से ध्वजारोहण किया गया। ब्लॉक युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। त्रिमूर्ति चौक में पार्षद वीरेंद्र सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। नगर के अन्य स्थानों पर भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### पुराने तहसील कार्यालय में हुआ मुख्य समारोह

इसके पश्चात पुराने तहसील कार्यालय परिसर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता चंदन अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने की। इस अवसर पर प्रताप छाबड़ा, शेषनारायण दुबे, विजय शर्मा सहित पार्षदगण एवं एल्डरमैन गरिमामयी उपस्थिति में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा नगर में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में देश को मिली स्वतंत्रता के संघर्ष और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को विस्तार से याद किया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को और बढ़ाया। वीर शहीदों की गाथाओं और उनके बलिदान को भी स्मरण किया गया।

इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को नगर पंचायत की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकों का शाल एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

### जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शरद कुंभकार, एल्डरमैन अनिल सिंघानिया, रोहित भारती, बलराम निषाद, पार्षद ऋषि तिवारी, सूरजपाल, प्रवेश नेताम, भैया राम लहरे, नेहा, जितेंद्र सिन्हा, रुद्रेश अग्रवाल, वीरेंद्र जोशी, टीकम अग्रवाल, राहुल छाबड़ा, संजय सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, घसिया निषाद, रामसनेही नामदेव, पुरुषोत्तम सिंघानिया, विनय परमार, घनश्याम राजपूत मंडल महामंत्री ,मनीष रात्रे, पार्षद विजय शर्मा, पार्षद विजय यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय यादव, इंजीनियर, अधिकारी-कर्मचारीगण तथा पुलिस प्रशासन की टीम भी पूरे आयोजन की व्यवस्था में मुस्तैद रही।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरि केड़िया ने किया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में देशभक्ति का माहौल बना रहा और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वतंत्रता दिवस समारोह में सहभागिता निभाई।



# कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय में किया ध्वजारोहण,स्वतंत्रता दिवस की दी शुभकामनाएं

**बलौदाबाज़ार।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अपने निवास कार्यालय एवं संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। उन्होंने जिलेवासियों को 80 वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर जो अमूल्य बलिदान दिया है, वह सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनके त्याग, संघर्ष और समर्पण के परिणामस्वरूप ही आज हम स्वतंत्र भारत में स्वाभिमान और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक आजादी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक आशय यह भी है कि देश के प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने





का अवसर मिले। शासन-प्रशासन का दायित्व है कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि शासकीय कर्मचारी होने के नाते हम सभी का दायित्व है कि नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और उनके प्रकरणों एवं शिकायतों का यथाशीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसेवा की भावना और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए प्रशासन को नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए।



उन्होंने देश में भाईचारा, सामाजिक सौहार्द, आपसी एकता एवं सद्भाव का वातावरण सदैव कायम रहने की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते,ए.आर. टंडन,निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान भवन में स्वतंत्रा दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन



**भाटापारा।** ग्राम रेगाबोड सकरीपार में नवनिर्मित किसान भवन परिसर में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान कृषि मजदूर व कृषि से जुड़े सभी वर्गों के किसानों कि उपस्थित में महादेव ध्रुव के हाथो ध्वजारोहण कार्यर्₹ म संपन्न हुआ। उत्सव में शामिल सभी किसानों ने शहीदो के त्याग संघर्ष एवं बलिदान को नमन किया । उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिको को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करते रहना चाहिए महादेव ध्रुव ने सभी किसानों व क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रा दिवस कि बधाई दी है।

### भाटापारा में तीसरे सावन सोमवार पर पूरा माहौल शिवमय हुआ

**भाटापारा।** तीसरें सावन सोमवार पर शहर व क्षेत्र में संपूर्ण माहौल शिवमय हो गया प्रातः से ही तमाम शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तो का ताता लगा रहा वहीं दोपहर बाद शिव भक्तो की भारी भीड़ व विशेष वेषभुषा एवं उज्जैन तथा केदारनाथ की तर्ज पर नृत्य व वाद्य यंत्र बजाते निकली पालकी यात्रा में लोगो को सड़क पर रूकने मजबुर कर दिया पालकी यात्रा में डीजे, ढोल , नंगाड़ो के साथ साथ आकर्षक शिव की झांकी देखने लोग अपने घरो से उमड़ पड़े वहीं पालकी यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात नगर पालिका के समीप स्थित महाकाल मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुई जिसमें सैकड़ो शिव भक्त श्रद्धालु उपस्थित थे। इस दौरान महाकाल मंदिर में भव्य आरती का आयोजन भी किया गया। वहीं शहर के खप्परबाबा शिव मंदिर सिद्धबाबा धौराभाठा शिव मंदिर माता देवालय शिव मंदिर, नेहरू वार्ड शिव मंदिर सहित अन्य तमाम शिव मंदिर में भक्तो का ताता लगा रहा लोग सैकड़ो की संख्या में पैदल ही 7 किलोमीटर दुर सेमरिया घाट शिवनाथ नदी से जल लाकर शिव का जल अभिषेक करते रहे। अनेक भक्तो ने दुग्ध अभिषेक भी किया। कुल मिलाकर शहर में तीसरें सावन सोमवार के दौरान शिव भक्तो की भारी भीड़ से लोगो को लाईन में लगकर जल अभिषेक व अन्य पूजापाठ करना पड़ा सावन तीसरे सोमवार में भी मंदिरों को सुंदर वआकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं अनेक मंदिरों में अल सुबह से देर रात तक भजन किर्तन व अन्य विविध धार्मिक आयोजन चलता रहा। शहर के प्रायः हर हिस्से में हर हर महादेव के नारे गुंजते रहे । सावन सोमवार के पूजन में महिलाओं की भागीदारी अधिक रही ।



### लिटिल स्कॉलर्स विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**भाटापारा।** लिटिल स्कॉलर्स विद्यालय में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंजली शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों एवं समस्त विद्यालय परिवार ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, नृत्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। प्राचार्या महोदया ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेकर देश की प्रगति में अपना योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रप्रेम, एकता और देश के प्रति कर्तव्य निभाने के संकल्प के साथ हुआ।



# लूट का तीसरा आरोपी भी कोरबा से गिरफ्तार

*आरोपी से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतुस सहित नगद जब्त किया गया है*



**आरोपी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हत्या, लूट, डकैती, बलवा व चोरी जैसे 25 गंभीर अपराध है दर्ज**

**भाटापारा।** ग्राम रोहरा निवासी व दीपक ज्वेलर्स के संचालक बलराम सोनी अपनी एक्टिवा से तरेंगा से रोहरा जा रहे थे। रोहरा हाई स्कूल के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार नकाबपोश अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने प्रार्थी पर हमला कर मोबाइल व स्कूटी की चाबी छीनी और बैग में रखे 13 किग्रा चांदी व 70 ग्राम सोना लूट कर फरार हो गए थे। जिसमें पुलिस टीम का गठन एवं पूर्व में 04 आरोपियों को गिरफ्तारी घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन में नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण एवं साइबर सेल की एक संयुक्त विशेष जांच दल का गठन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पूर्व में 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, किंतु प्रकरण में संलिप्त आरोपी कौशलेश त्रिपाठी फरार हो गया था। पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी कौशलेश की गिरफ्तारी- आरोपी कौशलेश त्रिपाठी अत्यंत शातिर एवं आदतन किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, लूट, डकैती आदि गंभीर धाराओं में 25 से अधिक मामले दर्ज है। इस दौरान कौशलेश त्रिपाठी बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था, जिस पर पुलिस टीम द्वारा सटीक सूचना तंत्र स्थापित कर आरोपी के ठिकाने का पता चलते ही पुलिस टीम द्वारा दबिश देते हुए आरोपी को सीतामढ़ी कोरबा से हिरासत में लिया गया। प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल ज़ेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस द्वारा अब तक की जांच एवं विवेचना में प्रकरण में संलिप्त कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण विवेचना में है।

# विश्व आदिवासी दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

*दस लाख की लागत से बनेगा भव्य आदिवासी समाज भवन, विधायक इन्द्र साव ने किया भूमिपूजन*



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम परसाडीह में विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। ग्राम आगमन पर आदिवासी समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों द्वारा गाजे-बाजे तथा पारंपरिक नृत्य के साथ विधायक का भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने आदिवासी समाज की वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सामुदायिक भवन का विधि-विधान से भूमिपूजन कर आधारशिला रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा, आदिवासी समाज की जल, जंगल, जमीन और अपनी अनूठी संस्कृति को बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज का विकास ही हमारी मुख्य प्राथमिकता है। यह सामुदायिक भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, बैठकों और सांस्कृतिक आयोजनों का एक मजबूत केंद्र बनेगा। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी जताया। समाज के प्रमुखों ने सामुदायिक भवन की सौगात देने के लिए विधायक इन्द्र साव का आभार व्यक्त किया ' कार्यक्रम में मुख्य रूप से थानुराम नेताम, रामेश्वर लहरी सरपंच, आधारसिंह धुव, भोजाराम धुव, समेलाल धुव, गौकर्ण धुव, खिलावन साहू, मयंक वर्मा, अभय धुव, डोमार कुंजाम, बैसाखू धुव, चंदा राम धुव, आशा राम धुव, रामखिलावन धुव, गोविंद धुव, राजकुमार धुव, दीपक धुव, लोकेश धुव, अमन, जोहान, संतोष, मंगल सिंग, माखन, गोवर्धन, अनुसुइया, प्रभा, आसमति, महेशिया, विश्वास, नर्मदा, सेवती सुभिया, चतवनिन धुव, आदिवासी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, बुजुर्गों, युवाओं, महिलाएं बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# देशभक्ति की भावना व हर्षोल्लास के साथ जिले में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जिला स्तरीय समारोह मे किया ध्वजारोहण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का किया गया सम्मान

**बलौदाबाजार** / 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह शनिवार को जिले में देशभक्ति की भावना के साथ हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण मे मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल ने स्थानीय पंडित चर्₹ पणी हाईस्कूल मैदान में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली । उन्होंने मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने शासकीय योजनाओं कार्यालयीन कार्यों में उत्कृष्ट कार्य के लिए शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

पंडित चर्₹ पाणी शुक्ल हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय समारोह सवेरे 9 बजे हुआ। ध्वजारोहण पश्चात केंद्रीय अर्द्ध सैनिक पुलिस बल, जिला पुलिस बाल,नगर सेना, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं रेडर्₹ ॉस की टुकड़ी ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्रीमती उषा ठाकुर एवं सेकेण्ड टू आईसी प्रशिक्षु सूबेदार पुष्पेंद्र राज खटर्जी ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये।

श्री अग्रवाल ने जिलें के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, नरेश



कुमार ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू, टेकराम वर्मा, प्रधान आरक्षक हेमलाल कौशिक के परिजनों का श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल- चाल जाना। इसके अतरिक्त जिले के मीसाबंदियो का भी सम्मान किया गया।

सीनियर मार्च पास्ट में बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रथम पुरस्कार जिला महिला पुलिस बल , द्वितीय पुरस्कार जिला पुरुष पुलिस बल एवं तृतीय पुरस्कार जिला नगर सैनिक को मिला। जूनियर मार्च पास्ट में प्रथम पुरस्कार स्काउट गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार, द्वितीय पुरस्कार गाइड गुरुकुल इंग्लिश हाई स्कूल बलौदाबाजार एवं तृतीय गाइड पण्डित चर्₹ पाणी शुक्ल हाई स्कूल बलौदाबाजार को मिला। सांस्कृतिक कार्यर्₹ म मे प्रथम पुरस्कार पण्डित चर्₹ पाणी शुक्ल हाई स्कूल बलौदाबाजार,द्वितीय पुरस्कार गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार एवं तृतीय पुरस्कार

### सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार को मिला

इसके साथ ही सांसद श्री अग्रवाल ने मुख्य मंच से करीब 71 अधिकारी-कर्मचारियों को उनके बेहतर सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इनमें राजस्व विभाग से परमानंद पैकरा,सुरेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार

अनुविभाग कसडोल से डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार सोनाखान देवाशीष कुर्रे, तहसीलदार टुंड्रा युवराज कुर्रे, तहसीलदार कसडोल विवेक कुमार पटेल, पटवारी नोहर लाल साहू, योगेश ठाकुर,संजीव साहू,रामकुमार रात्रे, गौरीशंकर वर्मा, खगेश कुमार साहू, लाभोराम भोई, चिरंजीव शर्मा, तहसील सुहेला से कोटवार रोशन कुमार मानिकपुरी, भू अभिलेख शाखा से सुरेश



**स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां,उत्कृष्ट कार्य के लिए 71अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित**

देवांगन, इन्द्रपाल टेकाम, रमेश कुमार साहू,जिला पंचायत से शैलेंद्र भार्गव,

निर्वाचन विभाग से रविशंकर प्रजापति,श्रम विभाग से सत्यनारायण अनंत, कृष्णा साहू, पशु विभाग से रामशंकर कंवर, नगर पंचायत रोहांसी से शंकर कुमार,कृषि विभाग से आयुष सिंह, हेमंत डडसेना, जयसिंह पैकरा, ऊर्जा विभाग से खगेश्वर प्रसाद साहू, सहकारिता विभाग से धर्मेंद्र कुमार शर्मा,परिवहन विभाग से संजय कुमार साहू, जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 बलौदा बाजार से डीकेश्वर साहू,उद्यान विभाग से संतोष कुमार साहू, मत्स्य विभाग से सेवक निषाद, श्याम पटेल, जिला नगर सेनानी से मेजर सोनसाय खेरे, पुरीराम डांडेकर, जितेंद्र कुर्रे, रेवाराम यादव, ज्वाला प्रसाद ,राहुल निर्मलकर, चंद्रशेखर जायसवाल, शिखर प्रधान, जितेंद्र पैकरा, प्रमोद कुमार श्रीवास, मनकूराम ध्रुव, उमेश कुमार साहू, संदीप बंजारे,

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से गजेंद्र कुमार पटेल,

विद्युत विभाग से अरविंद कुमार बर्मन, संपर्क केंद्र से नितेश माकड़े, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. कल्याण सिंह कुरूवंशी, राहिल रानी देहारी,जिला कोषालय से भूपेंद्र सिंह मरावी, जिला शिक्षा अधिकारी से भारती वर्मा, नगर सेना संलग्न जिला कार्यालय से सुश्री अनुराधा कश्यप, विद्युत विभाग संभाग भाटापारा से हनीफ मोहम्मद, महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रियंका कैवर्त,लक्ष्मी साहू,



रेवती साहू, लता वर्मा,पुलिस विभाग से हेमंत पटेल, मेघनाथ बंजारे, राजेश चंद्राकर, राजकुमार ध्रुव, विनय पटेल, त्रिलोक नाथ वर्मा, राजकुमार ध्रुव, शंकर पैकरा, गुमान जायसवाल, मोहन मेश्राम, देवेन्द्र पुरैना एवं हम होंगे कामयाब 2.0 के युवा शामिल है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय,पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद कुमार शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, स्काउट गाईड प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, डीएफओ पंकज कमल,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।





# जिले में सुगम यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, ब्लैक स्पॉट सुधार के दिए निर्देश

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक





**बेमेतरा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं एवं पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, स्वास्थ्य, नेशनल हाईवे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुगम यातायात व्यवस्था बनाने पर विशेष जोर

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि जिले में बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासन के साथ नागरिकों का सकारात्मक सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड तथा स्कूल-कॉलेजों के सामने नो पार्किंग जोन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। अवैध पार्किंग के विरुद्ध नगर पालिका एवं पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने कहा गया। सभी स्कूलों के 200 मीटर के दायरे में स्पीड ब्रेकर, "स्कूल आगे है" संकेतक बोर्ड तथा ट्रैफिक वॉलंटियर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्कूल बसों की फिटनेस जांच एवं चालकों के सत्यापन को अनिवार्य करने के साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा वाहन चलाकर स्कूल आने पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित करने कहा। सड़कों के किनारे किए गए अतिर् मण को हटाने, सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को हटाने तथा सड़क किनारे अवैध रूप से व्यापार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात पुलिस की ड्यूटी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

### दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने जिले में पिछले तीन माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अधिकांश दुर्घटनाओं के पीछे तेज गति से वाहन चलाना, शराब के नशे में वाहन चलाना, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना तथा गलत दिशा में वाहन चलाना प्रमुख कारण हैं।

### चिन्हित ब्लैक स्पॉट का होगा सुधार

बैठक में जिले के दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर स्थित घुमावदार मोड़ों एवं बिना सिग्नल वाले चौराहों की पहचान कर वहां रंबल स्ट्रिप, रेडियम पट्टी एवं चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए गए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों तथा बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रतिदिन सघन जांच अभियान चलाने कहा गया। भारी वाहनों में ओवरलोडिंग पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

### स्कूल-कॉलेजों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से स्कूल-कॉलेजों में कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" का संदेश आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

### आपातकालीन सेवाओं को मिलेगा ग्रीन कॉरिडोर

बैठक में एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड को त्वरित आवागमन के लिए ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। चौक-चौराहों पर हूटर एवं सायरन सुनते ही वाहन चालकों द्वारा रास्ता देने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर के दौरान घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एवं 112 सेवाओं को और अधिक सरि य करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को ट्रॉमा सेंटर में आवश्यक दवाइयों एवं उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित कार्यों की नियमित समीक्षा करें और हर माह प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिले का लक्ष्य "शून्य दुर्घटना" है और इसे प्राप्त करने के लिए प्रशासन, पुलिस एवं आमजन को मिलकर निरंतर प्रयास करना होगा। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने सभी अधिकारियों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने तथा आम नागरिकों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने की अपील की।

# रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों का मनोनयन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्यों का आगामी कार्यकाल 10 अगस्त 2026 से 9 अगस्त 2028 के लिए मनोनयन किया गया है। विभिन्न रेलवे स्टेशनों के लिए सदस्यों के मनोनयन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नवमनोनीत सदस्यों को सामाजिक, व्यापारिक एवं विभिन्न संगठनों के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अमरजीत सिंह सलूजा, लक्ष्मी नारायण सोनी, गौरव जैन, रविंद्र जैन, सुरेश भानुशाली,अभिषेक मोदी, वासु माखीजा शामिल है। उन्होंने विशेष रूप से शिवरतन शर्मा , अश्वनी शर्मा , अजय कुमार स्टेशन मास्टर एवं राजेश शर्मा सहित उन सभी सहयोगियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सदस्य के रूप में उनकी अनुशंसा एवं मनोनयन की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।उन्होंने सभी मनोनीत सदस्यों को पुनः शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की रेलवे संबंधी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समिति के माध्यम से प्रभावी ढंग से सामने रखेंगे।

# श्रावणी स्पेशल ट्रेन का परिचालन फेरा बढ़ाया गया



**भाटापारा।** सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम बाबाधाम के दर्शन के लिए जाने वाले शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 08895/08896 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मधुपुर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी श्रावणी मेला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष ट्रेन 01 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक कुल 05-05 फेरों के लिए चल रही हैं। ट्रेन संख्या 08895 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मधुपुर स्पेशल पूर्व निर्धारित कार्यर् म के अनुसार यह ट्रेन प्रत्येक शनिवार 01 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक कुल 05 ट्रिप चल रही है। अतिरिक्त रूप से यह ट्रेन 18 अगस्त एवं 25 अगस्त 2026 मंगलवार को भी चलेगी। इस प्रकार ट्रेन संख्या 08895 कुल 07 ट्रिप संचालित होगी। ट्रेन संख्या 08896 मधुपुर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल यह ट्रेन पूर्व निर्धारित कार्यर् म के अनुसार प्रत्येक रविवार 02 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक कुल 05 ट्रिप चलेगी। अतिरिक्त रूप से 19 अगस्त एवं 26 अगस्त 2026 बुधवार को भी इसका संचालन किया जाएगा। इस प्रकार ट्रेन संख्या 08896 भी कुल 07 ट्रिप संचालित होगी। यह स्पेशल ट्रेन उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जो सावन के पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं। वर्तमान में इस ट्रेन में बड़ी संख्या में कंफर्म बर्थ उपलब्ध हैं। रेलवे प्रशासन श्रद्धालुओं से अपील करता है कि वे समय रहते अग्रिम आरक्षण कराकर अपनी सीट सुनिश्चित करें और बिना किसी परेशानी के सुखद एवं सुरक्षित यात्रा का लाभ उठाएँ। इस ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, बेलपहाड़ एवं ब्रजराजनगर स्टेशनों पर होने से इन क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को सीधे एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

# भाटापारा शहर पुलिस ने शराब तस्कर पर की कार्यवाही



**भाटापारा।** शहर थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निदेर्शों के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर संत माता कर्मा वार्ड में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। संत माता कर्मा वार्ड निवासी संजय बंजारे अपने घर में बिक्री हेतु भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखा हुआ था। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शहर पुलिस ने तलाशी ली तलाशी के दौरान आरोपी के घर के कमरे से भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड्स की देशी व अंग्रेजी शराब तथा बियर बरामद की गई। आरोपी के कब्जे से कुल 52.520 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 29,890 रूपयें है। जिसमें गोल्डन गोवा शराब 50 पाव , रोमियो देशी मदिरा मसाला 62 पाव, शेरा देशी मदिरा मसाला 46 पाव, जम्मू स्पेशल व्हीस्की 44 पाव, मैकडावल नं. 01 सुपीरियर व्हीस्की 19 पाव, सिम्बा बियर 20 नग बरामद हुआ । आरोपी का धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पाए जाने पर आरोपी संजय बंजारे को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### तिरंगे को सलामी देकर शहीदों को किया नमन

# स्वच्छ-हरित एवं विकसित भाटापारा के निर्माण का लिया संकल्प

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर में राष्ट्रभक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच विभिन्न वार्डों, सामाजिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। मुंशी इस्माइल वार्ड स्थित राज मिस्त्री एवं छड़ मजदूर कल्याण संघ कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इसके साथ ही नगर पालिका के फिल्टर प्लांट परिसर, न्यू हिंदी स्कूल, संत माता कर्मा वार्ड, बलभद्र वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित वृंदावन कॉलोनी, गोविंद चौक एवं स्टेशन रोड सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में सहभागिता की गई। कार्यक्रमों के दौरान तिरंगे की आन, बान और शान को नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के अमर वीरों और महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण किया गया। उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं गौरव को बनाए रखने तथा देश के विकास में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाटापारा नाका नंबर-1 स्थित दानवीर भामाशाह , शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे तथा स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस दौरान वीर शहीदों के त्याग, साहस, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता असंख्य वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के त्याग, संघर्ष एवं बलिदान का परिणाम है। उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत बनाते हुए विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान तथा करोड़ों देशवासियों के गौरव और एकता का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने का अवसर देता है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मान के साथ जीवन जी रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि नगर विकास केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, बेहतर नागरिक सुविधाएं और विकास कार्यों में जनभागीदारी के माध्यम से भाटापारा को विकास की नई पहचान दिलाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# साइबर क्राइम के विरुद्ध छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रदेशव्यापी 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक "साइबर जागृति अभियान"

*बेमेतरा पुलिस द्वारा अभियान के माध्यम से युवा पीढ़ी को डिजिटल दुनिया के खतरों से बचाने और उनमें शुरुआती स्तर से ही साइबर सुरक्षा की समझ विकसित करना*





### 'साइबर सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने बेमेतरा पुलिस की विशेष अभियान जारी

**छत्तीसगढ़ पुलिस के 'साइबर जागृति अभियान' के प्रथम सप्ताह छात्र-छात्राओं को डिजिटल सतर्कता और बुनियादी सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक।**

**बेमेतरा** प्रदेशवासियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक "साइबर जागृति अभियान" का प्रदेशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। देश की आजादी की भावना से प्रेरित यह अभियान साइबर अपराध के विरुद्ध जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाने तथा छत्तीसगढ़ को साइबर अपराध से सुरक्षित बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों, उनसे बचाव के उपायों तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की जानकारी देना है।"साइबर जागृति अभियान" का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ राजधानी रायपुर में माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री विष्णु देव साय जी एवं माननीय उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री महोदय श्री विजय शर्मा जी द्वारा किया गया। प्रदेश स्तरीय शुभारंभ के साथ ही अभियान को प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर पर व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज 18 अगस्त 2026 को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी बेमेतरा श्री भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला श्रीमती रूचि वर्मा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा अभियान के प्रथम सप्ताह में डिजिटल सतर्कता एवं बुनियादी साइबर सुरक्षा के संबंध में स्कूल एवं कॉलेजों में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को जागरूक किया जा रहा है। तथा छात्र-छात्राओं को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाने, ऑनलाइन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया की गोपनीयता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रांतर्गत पुलिस टीम द्वारा गुरू घासीदास उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम बनरांका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियारखोर, महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खण्डसरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंरा, हाई स्कुल सांकरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केशडबरी, हाई स्कुल भदराली, स्वामी आत्मानंद स्कुल मारो,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडाड़ी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका में अध्यापक, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में साइबर जागृति अभियान के पहले सप्ताह छात्र-छात्राओं पर विशेष फोकस करते हुए युवा पीढ़ी को डिजिटल दुनिया के खतरों से बचाने और उनमें शुरुआती स्तर से ही साइबर सुरक्षा की समझ विकसित करने विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षर बनाकर उन्हें ऑनलाइन ठगी के प्रति जागरूक किया गया।

साथ ही बताया कि अपने खातों के लिए ऐसे पासवर्ड बनाए, जो दूसरों के लिए अनुमान लगाना कठिन हो। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी निजी तस्वीरें, पता या फोन नंबर साझा न करने की हिदायत दी गई। अज्ञात स्त्रोतों से आए लिंक्स पर क्लिक करने या संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने से बचने को कहा गया। किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करने की सलाह दी गई।

इसके अलावा पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से ऑनलाइन ठगी, फर्जी कस्टमर केयर, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, KYC अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी लिंक एवं QR Code, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली ठगी, OTP फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड तथा निवेश के नाम पर होने वाले साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया। साथ ही छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर घबराने के बजाय तत्काल इसकी सूचना संबंधित बैंक एवं पुलिस को देने तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में जानकारी दी गई।

साइबर अपराध के प्रति स्वयं जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। डिजिटल सुविधाओं का उपयोग करते समय सतर्कता एवं सावधानी बरतें तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि अथवा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल संबंधित बैंक एवं पुलिस को सूचना दें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस के "साइबर जागृति अभियान" से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के लिंक अथवा त्तर्‌ ष्टश्स्र– के माध्यम से सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अधिक से अधिक लोगों तक साइबर जागरूकता का संदेश पहुंचाने की अपील की गई। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो घबराने के बजाय तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही संबंधित बैंक अथवा वित्तीय संस्था को भी तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने के साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से सावधान करने की अपील की। इस अवसर पर थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय, थाना प्रभारी नांदघाट निरीक्षक लेखराम ठाकुर, थाना प्रभारी नवागढ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना प्रभारी चंदनू उप निरीक्षक द्वावारिका प्रसाद देशलहरे, चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक डी.एल. सोना, चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सतवन सिंह, सउनि मोहन साहू, बनवाली राम सोनकर, कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, राजीव शर्मा, नरेन्द्र ठाकुर, विर् म सिंह, रघुनाथ नेताम, शिव कुमार बंजारे, आरक्षक बलदेव निषाद, अशरफी खान, लालचंद भारती, के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सावन मास में श्री नर्मदा शिव महापुराण कथा का आयोजन, कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** सावन मास के पावन अवसर पर नगर में श्री नर्मदा शिव महापुराण कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय रामजीलाल जगदीश प्रसाद भवन में अग्रवाल मातृशक्ति मंडल थान खम्हरिया के तत्वावधान में 16 अगस्त से 23 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है।



कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया, जिसमें अग्रवाल मातृशक्ति मंडल की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान पूरा नगर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के साथ कथा स्थल पर पहुंचकर आयोजन में सहभागिता की।

कथा का रसपान तुलसी मानस मंदिर काशी एवं मां महामाया मंदिर कवर्धा से जुड़े प्रखर कथा प्रवक्ता आचार्य श्री सुमित भारद्वाज द्वारा कराया जा रहा है। कथा के दौरान आचार्य श्री ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए भैरव चरित्र, नारद चरित्र एवं पंचमुखी शिव महात्म्य की कथा का विस्तार से वर्णन किया।

भैरव चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य श्री सुमित भारद्वाज ने बताया कि भगवान शिव के रौद्र स्वरूप कालभैरव धर्म, सत्य और न्याय के रक्षक माने जाते हैं। उनकी आराधना से भय और नकारात्मकता दूर होती है तथा भक्तों को निर्भयता एवं आत्मबल प्राप्त होता है। उन्होंने भगवान भैरव की महिमा और भक्तों के प्रति उनकी कृपा का भी वर्णन किया।

नारद चरित्र के प्रसंग में देवर्षि नारद की भक्ति, ज्ञान और भगवान के प्रति उनकी अनन्य श्रद्धा का वर्णन किया गया। बताया गया कि नारद जी ने सदैव भगवान के नाम-स्मरण और भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उनका जीवन भक्तों को सत्य, धर्म और ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

पंचमुखी शिव महात्म्य का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने भगवान शिव के पांच स्वरूपों–सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान–की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के इन पंच स्वरूपों में सृष्टि, पालन, संहार, तिरोभाव और अनुग्रह की दिव्य शक्तियां समाहित हैं। पंचमुखी शिव की आराधना से भक्तों को आध्यात्मिक शांति, ज्ञान और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

आचार्य श्री सुमित भारद्वाज ने कहा कि सावन मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। शिव महापुराण की कथा के श्रवण से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है तथा जीवन में सदाचार, भक्ति और धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान शिव की भक्ति करते हुए सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिभाव से शिव महापुराण का रसपान किया। आयोजन को लेकर नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। अग्रवाल मातृशक्ति मंडल द्वारा श्रद्धालुओं से 23 अगस्त तक आयोजित होने वाली कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।



संक्षिप्त समाचार

## कांवड़ यात्रा हमारी संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण रीति है - शिवरतन शर्मा



**भाटापारा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने सावन माह के तृतीय सोमवार के अवसर पर शहर से 11 किलोमीटर दुर ग्राम मावली माता मंदिर, सिंगारपुर पहुचे व देवी मंदिर एवं महादेव की पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्र व राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत वे सिंगारपुर से कावड़ लेकर हजारो भक्तो के साथ पैदल ही धूमनाथ महादेव मंदिर, रामपुर गांव के लिए रवाना हुए। उक्त अवसर पर उनके साथ ग्राम सिंगारपुर, सेमराडीह, निपनिया, ज़ेथीडीह, खपरी, सिलवा खपरी, पथरिया, पासीद होकर रामपुर के अति प्राचीन शिव मंदिर तक शिव भक्त व भाजपा कार्यकर्ता जिसमें महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के साथ साथ विभिन्न मंडलो के पदाधिकारी शामिल थे वे भी शिवरतन शर्मा के पैदल यात्रा के सहभागी बने। इस दौरान उत्साह से भरे सभी कावड़ यात्रियों ने बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ समुचे वातावरण को गुंजायमान रखा। इस दौरान जगह जगह रास्ते में अनेक ग्रामीणो ने कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। उक्त मौके पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा अविनाश शर्मा, गोलु यदु, सुनील यदु, राके श तिवारी, राजा जायसवाल, श्रीकांत जायसवाल, मथुरा यदु ज़ेलाराम वर्मा, पवन वर्मा, सुरेश वर्मा, चेतन वर्मा, जीवन वर्मा, खुमान वर्मा, दिनेश वर्मा, संदीप वर्मा, पीलु वर्मा, मालिकराम साहू, संदीप वर्मा, सतीश साहू, पीयुष साहू, आशीष टोडर, टिक्की वर्मा, बृजेश निषाद, लक्ष्मीनारायण शर्मा, प्यारे रजक, धनीराम साहू, मनोज महाराज, राजा कामनानी, ठाकुर राम साहू, देवक साहू, राजेश पटेल सहित भारी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत युवा एवं खेल दिवस का आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थान खम्हरिया।** शासकीय हाईस्कूल गौरमाटी में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम के महिला सशक्तिकरण केंद्र अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत युवा एवं खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करना तथा उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रस्साकशी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ एवं फुगड़ी प्रमुख रहे। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सभी खेलों में भाग लेते हुए खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती झामिन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कु. कंचन तुरकने, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्कूली बच्चे तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्री धनसाय साहू एवं श्री विनय जंघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बालिकाओं में उत्साह, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दिया।

## तिरंगा रैली में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा



**भाटापारा।** शहर से 11 किलोमीटर दुर पवित्र धर्म स्थल मांवली माता मंदिर सिंगारपुर से भाटापारा शहर तक 11 किलोमीटर रास्ते में भव्य मोटर सायकल रैली तिरंगा रैली के रूप में निकली जिसमें हजारों की संख्या में लोग राष्ट्र भक्ति के रंग में रंगते हुए हर घर तिरंगा हर दिल तिरंगा का जयघोष किया। उक्त रैली में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित पवन वर्मा, जीवन वर्मा, डब्ल्यु सिंग ठाकुर, प्यारेलाल रजक, कनक मनहरे, ठाकुर राम साहू, पीलुराम वर्मा, बहोरिक यदु, प्रमोद मोदी, निषाद, पवन साहू, सुरेश शर्मा, रोहित साहू, दिलेश साहू, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजुद थे। रैली सिंगारपुर गांव से दतरेंगी, टेहका, कलमीडीह, सेन्द्री, खपराडीह होते हुए शहर के जय स्तंभ चौक पहुंची जहां हजारो लोगो की उपस्थिति में तिरंगा का अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात रैली स्वर्गीय गोविंद सारंग स्मृति भाजपा कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई।

## मारपीट के आरोपी को 3 वर्ष की कारावास की सजा

**भाटापारा।** थाना हथबंद क्षेत्र के ग्राम खपराडीह धीवनपुरी निवासी आरोपी पंकज कुमार मनहरे को गाँव के ही पवन निषाद नामक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश रखते हुवे डंडे से मारकर पेट में ताबड़तोड़ चाकू से वार कर हत्या करने के आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल ने आजीवन कारावास से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने बताया कि दिनांक 28.12.2024 को प्रार्थी शिवधन निषाद द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम खपराडीह में सांस्कृतिक कार्य₹ म हो रहा था जिसे देखने वह और मृतक भी गए थे। कार्य₹ म के बाद पास में ही सुबह 4 बजे वे दोनों चाय पी रहे थे तभी गांव के ही निवासी पंकज कुमार मनहरे के द्वारा उसके भतीजे पवन निषाद से पुरानी रंजिश रखते हुए डंडा से वार किया जिसे हाथ से रोकने पर चोट आई, फिर उसके बाद आरोपी हत्या करने की नीयत से चाकू लेकर दौड़ाया और आगे जाकर उसके पेट में चाकू से अनेक बार मारकर पवन की हत्या कर दिया है।

## कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने की शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

*लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए सख्त निर्देश, लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी*

**बेमेतरा /-** जिले में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी ि यान्वयन तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा की और विभागवार प्रगति की जानकारी ली।



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ बिना किसी असुविधा के समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को मैदानी स्तर पर स ि य रहकर योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा हितग्राहियों से सीधे संवाद करने के निर्देश दिए।

### योजनावार की गई गहन समीक्षा

बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को प्रथम किस्त जारी हो चुकी है, उनके आवास निर्माण को प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रथम किस्त प्राप्त हितग्राहियों के आवासों का निर्माण निर्धारित समय में पूर्ण कराकर नियमानुसार द्वितीय एवं तृतीय किस्त जारी करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही लंबे समय से अधूरे पड़े आवासों को चिन्हित कर उनके शीघ्र पूर्ण होने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सेवाओं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के तहत शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। महतारी वंदन योजना तथा वृद्धावस्था, विधवा सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों को नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लंबित ई-केवाईसी एवं भूमि सत्यापन के कार्य को अभियान चलाकर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने मजदूरी भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने देने के निर्देश दिए।



### राजस्व प्रकरणों एवं जनशिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खसरा नकल सहित आम नागरिकों से सीधे जुड़े प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी मामलों में अनावश्यक विलंब न हो और प्रकरणों का निराकरण पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए।

# तिरंगा हमारी आन -बान और सम्मान का प्रतीक-राजस्व मंत्री श्री वर्मा

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तिरंगा की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

**बलौदाबाजार /** देशभक्ति के जज्बे और उमंग के साथ गुरुवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय गार्डन चौक स्थित अटल परिसर से हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया। तिरंगा यात्रा मे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा,डॉ सनम जांगड़े,प्रमोद शर्मा भी शामिल हुए।



देशभक्ति के रंग में रंगा जिला मुख्यालय-तिरंगा यात्रा गार्डन चौक से प्रारम्भ होकर नया बस स्टैंड होते हुए अम्बेडकर चौक में सम्पन्न हुआ। यात्रा की शुरुआत भारत माता के जयकारों और देशभक्ति गीतों के साथ हुई। पूरे मार्ग में 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों से माहौल गुंजायमान रहा। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे लोगों यात्रा का हिस्सा बनते गये।

यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि तिरंगा सिर्फ एक कपड़ा नहीं बल्कि हमारे देश की आन-बान,शान और सम्मान का प्रतीक है। आज की यह भव्य यात्रा यह दर्शाती है कि हमारे नागरिकों के दिलों में राष्ट्र के प्रति कितना सम्मान और प्रेम है। हमें अपने वीर शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मे आह्वान पर पूरे देश मे देश भक्ति के जज्बे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।सभी इस यात्रा से जुड़े और एकता और भाईचारा का सन्देश दें।





# कन्या प्राथमिक शाला में हुआ नेवता भोज, एल्डरमैन अनिल सिंघानिया हुए सम्मिलित

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत कन्या प्राथमिक शाला थान खम्हरिया में विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया। शिक्षक हसनैन तंवर एवं मुकेश साहू को जनगणना कार्य का मानदेय प्राप्त होने के उपलक्ष्य में शाला के सभी छात्र-छात्राओं को नेवता भोज कराया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के एल्डरमैन अनिल सिंघानिया विशेष रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और बच्चों के साथ भोजन कर उनका उत्साहवर्धन किया।



नेवता भोज में बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन के रूप में खीर, पूड़ी एवं छोले-आलू की सब्जी परोसी गई। स्वादिष्ट भोजन पाकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद लिया। विद्यालय परिसर में इस अवसर पर उत्साह एवं आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर एल्डरमैन अनिल सिंघानिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत नेवता भोज का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना, बच्चों के भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करना तथा सभी समुदायों के बच्चों में समानता की भावना को बढ़ावा देना है। पौष्टिक भोजन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि नेवता भोज की पहल से सरकारी स्कूलों में उत्साह और रौनक बढ़ी है तथा समाज के विभिन्न वर्गों की विद्यालयों से सहभागिता भी मजबूत हो रही है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 21 फरवरी 2024 को योजना की शुरुआत की गई थी। इसके अंतर्गत विभिन्न अवसरों पर स्कूलों में नेवता भोज आयोजित कर बच्चों के साथ भोजन साझा करने की परंपरा को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना का उद्देश्य विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित भोजन उपलब्ध कराना तथा उन्हें विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करना है। नेवता भोज इसी भावना के अनुरूप बच्चों, अभिभावकों और समाज के विभिन्न वर्गों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य कर रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामूहिकता, अपनापन, समानता और सामाजिक सहभागिता की भावना भी विकसित होती है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संध्या दीपक ने नेवता भोज के आयोजन के लिए सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ इस प्रकार भोजन साझा करना उनके लिए खुशी का अवसर है और ऐसे आयोजन विद्यालय एवं समाज के बीच बेहतर जुड़ाव स्थापित करते हैं।

कार्यक्रम में ढाल सिंह राजपूत, रविंद्र यादव, चुनेश्वरी भुवार्य, कमल जोशी, मनोज ठाकुर, भागीरथी वर्मा, द्वारिका राम साहू, प्रधान पाठक मोहन सिन्हा, फिरोज बेगम, सेवती ध्रुव, मुकेश साहू, हसनैन तंवर, घसिया निषाद, रामस्नेही नामदेव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।



# थान खमरिया में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के तत्वावधान में स्थानीय रामजीलाल जगदीश प्रसाद भवन में महिलाओं द्वारा तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रांतीय महिला मंडल अध्यक्ष रीना सिंघानिया के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।







तीज महोत्सव के दौरान महिलाओं ने रंग-बिरंगे लहरिया परिधानों में सजकर, हाथों में आकर्षक मेहंदी रचाकर एवं पारंपरिक श्रृंगार के साथ पर्व की खुशियां मनाईं। पूरे आयोजन में राजस्थानी एवं मारवाड़ी संस्कृति की मनमोहक झलक देखने को मिली।

प्रांतीय महिला मंडल अध्यक्ष रीना सिंघानिया ने कहा कि तीज महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करना है। उन्होंने हरियाली तीज को भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व बताया। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं।

नेहा केडिया ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्य₹ म महिलाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ आपसी मेलजोल का अवसर भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर रीना सिंघानिया, नेहा केडिया, श्वेता मुरारका, एकिशा अग्रवाल, निका सिंघानिया, सुनीता अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, मोनिका सिंघानिया एवं प्रीति मुरारका सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय नि :शुल्क आयुष स्वास्थ्य, रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय गुर्रा द्वारा कुर्मी छात्रावास, मंडी रोड, भाटापारा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य, रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा मैडम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**शिविर का शुभारंभ** - मुख्य अतिथि श्री अश्वनी शर्मा जी, नगर पालिका अध्यक्ष, भाटापारा; विशेष अतिथि श्री हरिराम वर्मा जी, राजप्रधान, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, अर्जुनीराज एवं अन्य अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।





कार्यक्रम में श्री नंद किशोर वैष्णव जी, पार्षद शंकर वार्ड; श्री श्रेणिक गोलछा जी, पार्षद संजय वार्ड; श्री ठाकुर राम साहू जी, पार्षद नयागंज वार्ड, भाटापारा; एवं श्री दीपक टिकरिहा जी, नगर प्रमुख, कुर्मी क्षत्रिय समाज, भाटापारा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर में मुख्य रूप से वात रोग, उदर रोग एवं प्रतिश्याय से संबंधित मरीज उपचार एवं परामर्श हेतु उपस्थित हुए। इसके साथ ही मरीजों की नेत्र जांच, दंत जांच एवं रक्त जांच भी की गई। सिविल अस्पताल भाटापारा से उपस्थित दंत चिकित्सक डॉ. अरुण एक्का, नेत्र सहायक श्री किस्मत गुलेरी एवं लैब टेक्नीशियन श्रीमती रश्मि छत्रे ने



शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शिविर में आए मरीजों को योग प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित योग के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित हितग्राहियों को औषधीय युक्त काढ़े का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

शिविर के दौरान स्वर्णप्राशन संस्कार का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री अश्वनी शर्मा जी द्वारा शिविर में आए बच्चों को स्वर्णप्राशन कराकर कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया।

शिविर में चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 365 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।



शिविर के सफल आयोजन में शिविर प्रभारी डॉ. दुष्यंत, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी; डॉ. ममता मिश्रा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी; डॉ. देवेंद्र कुमार भैना, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी; डॉ. गुंजन गवेल, आयुष चिकित्सक, OAMSD ब्लॉक प्रभारी; फार्मासिस्ट श्री बद्री प्रसाद शाह, श्री विनोद कुमार कंवर एवं श्रीमती प्रतिमा कुर्रे; औषधालय सेवक श्री सालिग राम यादव एवं श्री सुरेश कुमार कुर्रे; योग प्रशिक्षक श्री राजेंद्र पाल; MPW श्री पवन कुमार साहू एवं PTS श्रीमती शीतला ध्रुव ने सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

सिविल अस्पताल भाटापारा की टीम द्वारा दंत, नेत्र एवं रक्त जांच जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने से शिविर में आने वाले हितग्राहियों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ।

आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ आयुष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, विभिन्न रोगों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग एवं आयुष पद्धति को प्रोत्साहित करना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

परिंदों के पंखों से गूंजा छत्तीसगढ़

### 211 प्रजातियों का हुआ दस्तावेजीकरण

**रायपुर।** 18 अगस्त 2026। छत्तीसगढ़ में प्रकृति, पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण को लेकर आयोजित तीन दिवसीय 'हरेली बर्ड फेस्टिवल 2026' ने प्रदेश में पक्षी संरक्षण की दिशा में नई उम्मीद जगाई है। 14 से 16 अगस्त तक चले इस अभियान में प्रदेश के सभी 33 जिलों से 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 45 बर्ड वॉक आयोजित किए गए, जिनमें प्रकृति प्रेमियों, विद्यार्थियों, स्थानीय नागरिकों और पक्षी विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मार्गदर्शन और वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य केवल पक्षियों की पहचान और गणना करना नहीं था। इसके जरिए Citizen Science को बढ़ावा देते हुए छत्तीसगढ़ की पक्षी विविधता का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण किया गया। तीन दिनों में नागरिक विज्ञान मंच eBird पर प्रदेशभर से 954 चेकलिस्ट दर्ज की गईं। इनमें कुल 211 पक्षी प्रजातियों का रिकॉर्ड सामने आया। इससे राज्य की समृद्ध जैव विविधता और महत्वपूर्ण पक्षी आवासों की तस्वीर और स्पष्ट हुई है। बर्ड वॉक के लिए प्रदेश के कई महत्वपूर्ण वन और आर्द्रभूमि क्षेत्रों को चुना गया। कोपरा जलाशय (रामसर साइट), चिच्छा वेटलैंड, बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य, अचानकमार टाइगर रिजर्व और नंदनवन जंगल सफारी जैसे प्रमुख स्थलों पर पक्षियों का अवलोकन किया गया। सर्वे के दौरान पेंटेड स्टॉर्क, रेड-नेप्ड आइबिस, कॉटन पिग्मी-गूज, इंडियन पैराडाइज-फ्लाईकैचर और ग्रेटर रैकेट-टेल्ड ड्रोंगो जैसी महत्वपूर्ण प्रजातियां दर्ज की गईं।



#### दिव्यांगजनों और महिलाओं की भी भागीदारी

नंदनवन जंगल सफारी में दिव्यांगजनों के लिए विशेष बर्ड वॉक आयोजित की गई। इसमें उन्होंने उत्साह के साथ प्रकृति और पक्षियों को करीब से देखा। वहीं रायपुर जिले के मांढर ग्राम पंचायत के अड़बंधा तालाब में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी अभियान में भाग लिया। कलश स्वयं सहायता समूह का 'फूड कार्ट' इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय आजीविका को जोड़ने की पहल के रूप में सामने आया।

इससे स्पष्ट हुआ कि प्रकृति संरक्षण को स्थानीय रोजगार और समुदाय की भागीदारी से भी जोड़ा जा सकता है। हरेली बर्ड फेस्टिवल से मिले आंकड़े भविष्य के संरक्षण प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेंगे।

इन आंकड़ों के आधार पर महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों की नियमित निगरानी, 'पक्षी मित्र' नेटवर्क को मजबूत करने और स्कूलों व समुदायों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने की योजना है।

*बस्तर में कनेक्टीविटी बढ़ाने विशेष जोर*

### सड़कों और पुल-पुलियों के काम दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश




**रायपुर।** राज्य शासन बस्तर में सड़क कनेक्टीविटी के विस्तार पर विशेष जोर दे रही है। बस्तर संभाग के सभी जिलों में निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों की प्रगति की लगातार समीक्षा के साथ ही इन्हें तेजी से पूर्ण करने कार्यों की गहन मॉनिटरिंग की जा रही है। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ बस्तर परिक्षेत्र के अभियंताओं और ठेकेदारों की बैठक लेकर निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों और भवनों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में भारत सरकार के आर.आर.पी. (Road Requirement Plan) और आर.सी.पी.एल.डब्लू.ई.ए. के अंतर्गत प्रगतिरत सड़कों और पुल-पुलियों को आगामी दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने नवा रायपुर में पीडब्लूडी मुख्यालय 'निर्माण भवन' में आयोजित बैठक में अधिकारियों को सभी कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने हर 15 दिनों में प्रगति की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने बैठक में ठेकेदारों से चर्चा कर कार्यस्थलों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने इनके त्वरित निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री बंसल ने लोक निर्माण विभाग के बस्तर परिक्षेत्र के सभी 9 संभागों में काम कर रहे ठेकेदारों को 10 सितम्बर तक कार्य प्रगति दिखाने को कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वालों को ब्लैकलिस्ट कर उनके अनुबंध निरस्त करने के निर्देश दिए।

# राष्ट्र निर्माण और 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ बालको में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**बालकोनगर ।** वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों और बिजनेस पार्टनर्स की उपस्थिति में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर बालको प्रबंधन ने स्वतंत्रता सेनानियों के अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री राजेश सिंह ने प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया।



राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के उपरांत सीईओ श्री राजेश सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, "स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने दायित्वों को दोहराने का संकल्प भी है। बालको की छह दशकों से अधिक की यात्रा देश के औद्योगिक विकास और राष्ट्र निर्माण में योगदान की यात्रा रही है। आज हम 10 लाख टन वार्षिक एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारे कर्मचारी और बिजनेस पार्टनर्स हैं। सुरक्षा, गुणवत्ता, नवाचार, पर्यावरण और सामुदायिक विकास हमारी प्राथमिकताएं हैं। आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सुरक्षित और बेहतर काम करने, लगातार सीखने और नए विचारों को अपनाने का संकल्प लें। हमारा हर प्रयास बालको के साथ-साथ देश के विकास में योगदान देता है। मिलकर हम एक मजबूत, सुरक्षित और बेहतर बालको का निर्माण कर सकते हैं।" इस अवसर पर सीईओ श्री राजेश सिंह ने 'बालको समाचार' का शुभारंभ किया। 'बालको समाचार' के माध्यम से कोरबा, गेवरा, कुसमुंडा, कटघोरा और दीपका सहित आसपास के क्षेत्रों तक बालको की गतिविधियों, विकास कार्यों और उपलब्धियों से जुड़ी जानकारियां पहुंचाई जाएगी।

साथ ही कंपनी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें बालको की विकास यात्रा और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को प्रदर्शित किया गया।





श्री राजेश सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने बालको अस्पताल में जाकर मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग एवं चिकित्सा कर्मियों की समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। बालको का 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्र के प्रति गौरव, सामूहिक जिम्मेदारी और 'विकसित भारत' के निर्माण में निरंतर योगदान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रेरणादायी प्रतीक रहा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com